वर्ष : 17 अंक : 230 लखनऊ शनिवार, 30 अगस्त, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:30 |
| सूर्यास्त | : | 6:55 |
| अधिकतम | : | 31:00° |
| न्यूनतम | : | 26:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



टेलर स्विफ्ट ने ट्रैविस केल्से से की सगाई 10

निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी 2

मानवीय अत्याचारों से रौद्र रूप दिखा रही प्रकृति 6

यूपी से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा... 12

# जापान करेगा दस लाख करोड़ येन का निवेश

## भारत और जापान में सहयोग का ऐतिहासिक अध्याय शुरू, इशिबा को दिल्ली आने का न्योता



जापान की राजधानी टोक्यो में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान और संयुक्त प्रेस वक्तव्य के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया।

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**टोक्यो/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने जापान के साथ अपनी विशेष सामरिक तथा वैश्विक भागीदारी के नये अध्याय की नींव रखते हुए अगले दशक के लिए एक रोडमैप बनाया है और इस दौरान जापान भारत में दस लाख करोड़ येन (5.98 लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगा।

जापान की दो दिन की यात्रा पर आये पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ 15 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच साझेदारी को वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा," आज हमारी चर्चा सार्थक और उद्देश्यपूर्ण रही।

हम दोनों एकमत हैं कि विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्रों के रूप में हमारी साझेदारी केवल दोनों देशों के लिए ही नहीं बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।" मोदी ने कहा, 'भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा- हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी में नया अध्याय शुरू करते हुए अगले दशक के लिए रोडमैप बनाया है जिसके तहत जापान भारत में दस लाख करोड़ येन का निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि इसमें निवेश,नवाचार,आर्थिक, रक्षा,पर्यावरण,प्रौद्योगिकी,स्वास्थ्य,गतिशीलता,लोगों के बीच आदान-प्रदान और भारत के राज्य तथा जापान के प्रांतों के बीच साझेदारी पर जोर दिया जायेगा। अगले एक दशक में जापान भारत में दस लाख करोड़ येन का निवेश करेगा।

पीएम मोदी ने जापानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में सहयोग और भागीदारी के लिए आमंत्रित करते हुए उनसे कहा कि वे भारत की मेक इन इंडिया योजना में भागीदार बनें। उन्होंने कहा, "मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड।" प्रधानमंत्री ने जापान और भारत के बीच मानव संसाधन के आदान-प्रदान पर बनी सहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत पांच लाख लोगों का आदान-प्रदान होगा और 50 हजार कुशल भारतीय जापान की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनायेंगे। उन्होंने कहा, "मानव संसाधन आदान-प्रदान की कार्ययोजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में अलग-अलग क्षेत्रों में दोनों तरफ से पांच लाख लोगों के आदान प्रदान को प्रोत्साहन दिया जायेगा। इसमें पचास हजार कुशल भारतीय,जापान की अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदान देंगे।"

उन्होंने कहा कि दोनों देशों की भागीदारी दिल्ली और टोक्यो तक ही सीमित नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रीफेक्चर्स यानी प्रांतों के बीच संस्थागत सहयोग के माध्यम से जुड़ाव और गहरा होगा जिससे व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए द्वार खुलेंगे।

उन्होंने कहा कि दोनों देश आर्थिक सुरक्षा सहयोग पहल शुरू कर रहे हैं जिसके तहत महत्वपूर्ण और सामरिक क्षेत्रों में एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग में सेमीकंडक्टर और दुर्लभ खनिज को अधिक प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा," उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हम दोनों की प्राथमिकता है।

### टोक्यो के पुजारी ने मोदी को दारुमा गुड़िया गिफ्ट की



**टोक्यो।** पीएम मोदी को टोक्यो के प्रसिद्ध शोरिनजन दारुमा जी मंदिर पहुंचे। वहां के मुख्य पुजारी ने पीएम मोदी को खास डॉल भेंट की। दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया है। दारुमा को भाग्यशाली ताबीज के रूप में भी जाना जाता है। दारुमा को बनाने के लिए कागज का इस्तेमाल होता है। यह लाल रंग का होता है। जापान में लोगों का मानना है कि लाल रंग बुरी आत्माओं को दूर भगाता है। मोदी शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य 'भरतनाट्यम' से उनका स्वागत किया। गायत्री मंत्र और राजस्थानी भजन भी सुनाया। इसके बाद मोदी जापान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मिले। लोगों ने पीएम के स्वागत में मोदी-मोदी के जयकारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी।

### जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए। भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे

# गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

एजेंसी

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी।

साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपए कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाडिया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था। सीआईडी की जांच में भी यह बात सही साबित हुई थी कि किरीट पलाडिया ने ही यह पूरी साजिश रची थी।



» सूरत के बिल्डर से ट्रांसफर करा लिए थे 12 करोड़ के बिटकॉइन

# डेमोग्राफी चेंज करने वाले को अब पलायन करना होगा

## योगी की दो टूक, प्रतापगढ़ में 570 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

विश्ववार्ता ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल पर रिपोर्ट आने के एक दिन बाद शुक्रवार को चेताया कि अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार डेमोग्राफी चेंज नहीं होने देगी। अगर किसी ने डेमोग्राफी बदलने का प्रयास किया तो उसे पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। योगी ने शुक्रवार को रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के समय में चुन-चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया जाता था। कैसे उनकी डेमोग्राफी को उनकी जनसांख्यकी को काम करके लगातार उन पर अत्याचार करवाए जाते थे। कैसे दंगे करवा करके उस क्षेत्र को हिंदू विहीन कर दिया जाता था मगर आज यह डबल इंजन की सरकार है जो डेमोग्राफी को भी नहीं बदलने देगी। जो भी डेमोग्राफी को बदलने का प्रयास करने उसको स्वयं पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि डेमोग्राफी चेंज करने के लिए कांग्रेस और सपा ने साजिश रची।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है।



प्रतापगढ़ में जनसभा के दौरान गणेश प्रतिमा देकर सीएम योगी को सम्मानित करते लोग।

### मोदी पर अभद्र टिप्पणी सूरज पर थूकने जैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। सीएम योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए भारत के प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है।

# विधि विधान से हुआ हिंदू विवाह ऐसे रद्द नहीं हो जाता

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में एक केस की सुनवाई के दौरान बहुत महत्वपूर्ण टिप्पणी की, जिसमें उसने कहा कि सिर्फ गांव के कुछ लोगों के सामने विवाह विच्छेद दस्तावेज पर साइन करके सम्पूर्ण विधिविधान और रीति रिवाजों से संपन्न हुए हिंदू विवाह को रद्द नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने सीआईएसएफ के कांस्टेबल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसके जरिए उसने पहली शादी के रहते हुए दूसरी शादी करने के कारण अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी।

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस सी. हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कहा कि कोई भी कानूनी सिद्धांत इस तरह के अनौपचारिक तरीकों से हिंदू विवाह को भंग करने की अनुमति नहीं देता है। अदालत ने आगे कहा कि सीआईएसएफ के नियमों का नियम नंबर 18 भी उन स्थितियों पर भी लागू होता है जहां कोई कर्मचारी सेवा में शामिल होने के बाद दूसरी शादी करता है।



» सीआईएसएफ सिपाही की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट की टिप्पणी

# बाघ ने अब किया एक किसान का शिकार

## घास काटने गया था राकेश वर्मा, दूरी तक बिखरा पड़ा था खून

विश्ववार्ता संवाददाता

**महोली (सीतापुर)।** नरनी गांव में युवक का शिकार करने के एक सप्ताह बाद ही बसारा गांव में अधेड़ को बाघ ने मार डाला। राकेश वर्मा (55) पुत्र द्वारिका शुक्रवार को दोपहर बाद चारा काटने गया था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला बोल दिया और चार मीटर तक अधेड़ को घसीट ले गया। चीख पुकार सुन कर जुटे ग्रामीणों ने लाठी डंडे लेकर बाघ का पीछा किया तो वह घायल किसान को छोड़ कर भाग गया। बाघ के हमले में घायल किसान की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

इसी दूरी पर खून के छींटे बिखरे पड़े हुए थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने बाघ को देखकर शोर मचाया जिसके बाद बाघ मौके से भाग निकला और एक गन्ने के खेत में घुस गया। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे और नाक से खून बह रहा था। घटना की सूचना पाकर मौके पर भारी भीड़ जुट गई। मौके पर डीएफओ नवीन खंडेलवाल समेत पूरा महकमा व डब्ल्यूटीआई की टीम भी पहुंच गई। पुलिस मृतक के शव को पिकअप में रखकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाने लगी तो ग्रामीण वाहन के आगे बैठ कर प्रदर्शन करने लगे। पिछले काफी समय से बाघ होने के बावजूद वन विभाग की चुप्पी पर लोग आक्रोशित थे। ग्रामीणों की मांग थी कि बाघ को पकड़ा जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए।

लगभग एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान एसडीएम देवेंद्र मिश्रा व सीओ दीपक कुमार सिंह की मान मन्नौवल के बाद ग्रामीणों ने शव को जाने दिया। डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहने की स्थिति बन सकेगी। अभी कुछ दिन पहले नरनी गांव में भी बाघ ने टाइगर ने एक आदमी का हमला कर कर उसको मार दिया था। वन विभाग की लगभग 50 लोगों की टीम बाघ को ढूंढ रही है लेकिन अभी तक उसे पकड़ा नहीं जा सका है।





» शोर मचाने पर भागा बाघ, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### इजराइली हमले में हूती लड़ाकों के पीएम की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है।

इजराइली आर्मी ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए।

इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजराइल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी।

# घुसपैठियों से एक-एक इंच जमीन खाली करायेगी भाजपा

## असम में शाह ने कहा कि मोदी को जितनी गालियां दोगे, कमल उतना ही खिलेगा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि असम का नेतृत्व ऐसे लोग नहीं कर सकते जो बार-बार पाकिस्तान जाते हैं। शाह ने स्पष्ट तौर पर यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई के पाकिस्तान के साथ कथित संबंधों की ओर इशारा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के दम पर भाजपा नीत राजग अगले साल असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों की आयोजित रैली को संबोधित करते हुए शाह ने अगले साल मार्च-अप्रैल में होने वाले असम विधानसभा चुनाव के लिए युद्ध का बिगुल फूंका। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रतिनिधित्व ऐसे नेता नहीं कर सकते जो घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के प्रति सहानुभूति रखते हों।

अमित शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में अनेक विकास कार्य किए हैं और असम के मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने उस विकास को राज्य के घर-घर तक पहुंचाया है। इन कार्यों की बदौलत, भाजपा के नेतृत्व वाला राजग अगले साल लगातार तीसरी बार असम में सरकार बनाएगा।' विपक्षी कांग्रेस की आलोचना करते हुए शाह ने कहा कि असम का नेतृत्व घुसपैठियों के प्रति सहानुभूति रखने वाले और अतिक्रमण को बढ़ावा देने वाले लोग नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि असम का नेतृत्व मोदी और सरमा करते रहेंगे। गौरव गोगोई के संदर्भ में शाह ने कहा, 'असम का नेतृत्व ऐसे लोग नहीं कर सकते जो अकसर पाकिस्तान जाते हैं।'उन्होंने कहा कि अगर गोगोई विरोध भी करते हैं तो भी भाजपा घुसपैठियों से अतिक्रमित जमीन का एक-एक इंच खाली कराएगी। आप जो चाहें कर सकते हैं। हम नहीं रुकेंगे।' शाह ने यह भी दावा किया कि असम में भाजपा सरकार ने घुसपैठियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया, जो हमारी बेटियों से शादी करते थे। उन्होंने कहा, 'सरमा सरकार सामाजिक सुधार भी कर रही है। उन्होंने लड़कियों के लिए एक बड़ी शिक्षा योजना शुरू की। वर्तमान में, नौ लाख से ज्यादा लड़कियां इस छात्रवृत्ति के साथ पढ़ाई कर रही हैं।'

असम के मुख्यमंत्री और भाजपा लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई पर उनकी पत्नी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कथित संबंधों को लेकर हमला बोलते रहे हैं। सरमा ने दावा किया था कि गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने भारत और पाकिस्तान के बीच 19 बार यात्रा की थी। शाह ने कहा, 'घुसपैठियों ने हमारी हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। भाजपा सरकार ने हर जगह से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया, लेकिन गौरव गोगोई ने इसका विरोध किया। असम सरकार ने घुसपैठियों के अतिक्रमण से 1,29,548 एकड़ जमीन मुक्त कराई है।'

शाह ने पीएम मोदी और उनकी मां को गाली देने के मामले में असम में कांग्रेस पर निशाना साधा।



### राहुल के खिलाफ केस लड़ रहे भाजपा नेता को दें सुरक्षा

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ केस लड़ रहे भाजपा नेता को हाईकोर्ट ने सुरक्षा देने का आदेश दिया है। नेता ने अपनी जान का खतरा बताते हुए वाई+ श्रेणी की सुरक्षा मांगी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसके लिए सरकार से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही उनके लिए 24 घंटे एक पीएसओ की तैनाती का आदेश दे दिया।

भाजपा नेता एस. विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर रिट दायर की है। विग्नेश शिशिर ने बताया कि उनके परिवार पर लगातार जानलेवा हमले हो रहे हैं।

उन्हें भी जान का खतरा है। इसलिए उन्होंने सुरक्षा मांगी थी। हाईकोर्ट ने तत्काल रूप से एस. विग्नेश शिशिर को निजी सुरक्षा अधिकारी देने का आदेश दिया है।

# राहुल की यात्रा में पीएम को अपशब्द पर बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

## पटना में चले लाठी-डंडे, मुजफ्फरपुर-आरा में भी झड़प, गाली देने वाला आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

विश्ववार्ता ब्यूरो

**पटना/दरभंगा।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी को गाली देने के मामले में शुक्रवार को पटना में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए। बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। वो राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पार्टी के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। कई गाड़ियों में भी तोडफ़ोड़ की गई है। बवाल के बाद पुलिस ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को वहां से खदेड़ा। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। 30 मिनट चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सभी कांग्रेसियों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। इस मामले में मुजफ्फरपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक मैदान रोड) का घेराव किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरा में भी बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। इसी दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। जिसके बाद बात बढ़ गई। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया और नारेबाजी भी की। भाजपा नेता रूप नारायण मेहता ने पाटलिपुत्र थाने में लिखित शिकायत दी है। एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर लाठी-डंडा, ईंट पत्थर से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया। साथ ही कार्रवाई की मांग की है।





### चुनाव आयोग भाजपा का जुगाड़ आयोग



पटना। उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अब भारतीय जनता पार्टी सरकार का जुगाड़ आयोग हो गया है। अखिलेश यादव आज बिहार में चल रही विपक्षी दलों की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने पटना पहुंचे और संवादाताओं से बात करते हुए कहा कि बिहार में चल रही वोटर यात्रा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बहुत सफलता से चल रही है और जनता का उसे खूब भरोसा मिल रहा है। उन्होने कहा कि इस यात्रा में जनता की प्रतिक्रिया से पता चल रहा है कि बिहार से भाजपा की विदाई तय है। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के लिए कहे गए अपशब्द और उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि ऐसा भाजपा करती रहती है और इसे समझना है तो उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाषा को सुनिए।

### संविधान की रक्षा की यात्रा हम जारी रखेंगे : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गयी तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा "सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।"

### हिमाचल में लैंडस्लाइड, 11 मौतें उत्तराखंड में पांच मरे

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है।

दूसरी तरफ उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से पांच लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। मुख्यमंत्री ने इन दुख व्यक्त किया है साथ ही बाबा केदार से सुरक्षित रखने की प्रार्थना की है। श्री धामी ने एक्स पर लिखा, 'जनपद रुद्रप्रयाग के तहसील बसुकेदार क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेथ डुंगर तोक और जनपद चमोली के देवाल क्षेत्र में बादल फटने के कारण कुछ परिवारों के फंसे होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है।

## एक नजर

### दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कन्नौज।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई के कन्ज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप के सदस्य संगठन रुरल कंज्यूमर्स फेडरेशन द्वारा सरदार पटेल इंटर कालेज कचाटीपुर में साइबर स्वच्छता विषय पर दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने किया शुक्रवार को सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में आयोजित गोष्टी को संबोधित करते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष नवीन कुमार दीक्षित ने दूरसंचार उपभोक्ताओं हेतु ट्राई द्वारा जारी किए गए नियम कानूनों, मूल्यवर्धित सेवाओं,टैरिफ योजनाओं, दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा साइबर स्वच्छता के बारे में बताते हुए आनलाइन अकाउंट हेतु मजबूत एवं कठिन पासवर्ड का उपयोग करने, अज्ञात ईमेल व लिंक से सजग व सतर्क रहने की अपील की। मुख्य अतिथि प्रबन्धक विजय सिंह कनौजिया ने ट्राई द्वारा आयोजित किये जा रहे ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यालय के मौजूद छात्र तथा छात्राओं को साइबर क्राइम व दूरसंचार उपभोक्ता अधिकारो पर विस्तृत जानकारी दी। राजीव कटियार प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं से मोबाइल लिंक द्वारा किए जा रहे फ्राड से सतर्क रहने की अपील की।इस मौके पर डॉ संजय अवस्थी किशन कनौजिया अमित कनौजिया बृजेंद्र कमल अशोक कुमार धीरज कुमार शिक्षक छात्र छात्राएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गौरी शंकर के भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री से

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के मोहल्ला भोलेपुर रेलवे रोड के रहने वाले नवी शेर पुत्र मंगू खां ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र दिया जिसमें कि उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवाहन निगम फर्रुखाबाद डिपो में स्टेशन इंचार्ज गौरीशंकर ने फर्जी जाति एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर नियुक्ति कर कर विगत 32 वर्षों में करोड़ों रुपए के घोटाले किया है जिसकी अभी तक कोई भी जांच नहीं हुई है उन्होंने पत्र में लिखा कि गौरी शंकर ने 8 अक्टूबर 2010 को छिबरामऊ डिपो में लाखों रुपए के कंप्यूटर में घोटाला किया गया और कंप्यूटर जलवा दिए थे इसके बाद जब फर्रुखाबाद जांच टीम पहुंची उससे पहले ही गौरी शंकर ने कंप्यूटर जलवा दिए जिसमें लाखों का घोटाला छुपा हुआ था इसके बाद गौरीशंकर ने फर्रुखाबाद डिपो में कैसे का गवन किया उस समय गौरीशंकर केंद्र प्रभारी का कार्य देख रहे थे उस खजाने की डबल लॉक की चाबी गौरी शंकर के पास ही रहती थी इतना ही नहीं गौरी शंकर के रिश्तेदार कृपाल सिंह इटावा के क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर हैं जिनकी मिली भगत के चलते गौरी शंकर ने 13 जनवरी 2010 को 17 एटीएम मशीन एवं एक कंप्यूटर जलवा दिया था जिसमें लाखों रुपए का घोटाला हुआ था तथा उत्तर प्रदेश सरकार को लाखों रुपए की छाती हुई। इसके बाद भी गौरीशंकर पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई फर्रुखाबाद डिपो की कार्यशाला में डीजल टैंक की टंकी थी इस पर गौरीशंकर ने हेर फेर कर 82 हजार लीटर डीजल गवन किया था जो जांच दल को डिग्गी तालाब में वह जाना दिखा कर खाना पूर्ति कर दी गई थी इसी के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम फर्रुखाबाद डिपो से 2 लाख 34हजार रुपये का फर्जी भुगतान गौरीशंकर द्वारा कर लिया गया था जिसको लगभग 3 वर्ष हो चुके हैं अभी तक वह रुपए जमा नहीं किए गए। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार बेरिया से अच्छे संबंध होने से भ्रष्टाचार कर करोड रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि गौरी शंकर के द्वारा किए गए करोड़ों के घोटाला फर्जी जाति प्रमाण पत्र एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र की उच्च अधिकारियों से जांच कर गौरीशंकर के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर हुआ हॉकी का मैच



**गुरसहायगंज कन्नौज।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 में उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद जिसे अब प्रयागराज के नाम से जाना जाता है, में हुआ था। मेजर ध्यानचंद के बारे में यह मशहूर था कि जब वह गेंद लेकर मैदान पर दौड़ते थे तो ऐसा लगता था जैसे मानों गेंद उनकी हॉकी स्टिक से चिपक सी जाती थी। यह विचार शुक्रवार को मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में आयोजित मेजर ध्यान सिंह की जन्म दिवस पर गोष्टी को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने कई उन्होंने आगे कहा कि भारत के स्वर्णित हॉकी इतिहास के महानायक ने साल 1928, 1932 और 1936 ओलंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। तीनों ही ओलंपिक में भारत ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। अलग-अलग आयोजन हो रहे हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को ही क्यों मनाया जाता है? दरअसल इसी दिन हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। मेजर ध्यान चंद्र का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था। इससे पहले विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अभिषेक वर्मा ने विद्यालय के छात्र मानसून सौरभ आयुष केशव गणेश प्रांशु हाशिम विनोद नागेंद्र सुशील सचिन प्रांशु गुप्ता अनमोल तहसील बिलाल अहमद तथा शैलेश कुमार प्रदुम रवि सोहन हर्षित कुमार छात्रों की टीम बनाकर विद्यालय में खेल का आयोजन कराया जिसमें छात्रों ने विभिन्न खेल लंबी कूद ऊंची कूद मीनार कबड्डी वॉलीबॉल सहित खेल खेल कर अपना जौहर दिखाए इस मौके पर विद्यालय के बृजेश कुमार गंगवार शिव सिंह यादव दुर्ग विजय पुष्पेंद्र कुमार सिंह विजय शंकर पाठक एके वर्मा रामाश्रय वर्मा सहित शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

# निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी

## बिजनेस प्लान और आरडीएसएस स्कीम में अरबों रुपए खर्च करने के बाद पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का कोई औचित्य नहीं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति , उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में आरडीएसएस स्कीम और बिजनेस प्लान के तहत अरबो रुपए की योजनाएं स्वीकृत करने के बाद इन निगमों को निजी घरानों को मात्र 6500 करोड रुपए की रिजर्व प्राइस पर सौंपने का क्या औचित्य है । संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि जितनी धनराशि सुधार के लिए खर्च की जा रही है उससे कहीं कम धनराशि की रिजर्व प्राइस पर इन विद्युत वितरण निगमों को बेचा जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजी घरानों के साथ मिली भगत में उत्तर प्रदेश सरकार सरकार और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अंधेरे में रखकर एक लाख करोड रुपए की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल बेचना चाहते हैं। आज लगातार 275 वें दिन निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी धरना प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में उप्र पॉवर कॉरपोरेशन ने बिजनेस प्लान के तहत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 824.65 करोड रुपए और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 819 करोड रुपए का बिजनेस प्लान स्वीकृत किया है। बिजनेस प्लान के तहत इन दोनों विद्युत वितरण निगमों में बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु कार्य किया जाना है। संघर्ष समिति ने




कहा की इन दोनों विद्युत वितरण निगमों में बिजनेस प्लान के तहत 16.43 अरब रुपए खर्च करने के बाद इन निगमों को निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचना कदापि स्वीकार्य नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत वितरण निगमों में नए बिजली उपकेंद्रों को बनाने और बने हुए बिजली उपकेंद्रों को सुधार करने और उनका नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। इस हेतु भी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए भारत सरकार ने 7089 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 3842 करोड रुपए और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 3247 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि आरडीएसएस योजना और बिजनेस प्लान में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए कुल 8732 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। संघर्ष समिति ने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा निजीकरण हेतु तैयार किए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट के तहत इन विद्युत वितरण निगमों को बेचने की रिजर्व प्राइस मात्र 6500 करोड़ पर रखी गई है जबकि इनकी परिसंपत्तियों लगभग एक लाख करोड रुपए की हैं। संघर्ष समिति ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि बेचने के लिए जो रिजर्व प्राइस रखी गई है उससे अधिक की धनराशि इन विद्युत वितरण निगमों के सुधार में खर्च की जा रही है। यह कौन सा रिफॉर्म है जिसमें सरकारी धन से सुधार कर इसे निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचा जा रहा है ? संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 275 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन कर निजीकरण के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त किया।

## मंत्री राकेश सचान के निर्देश पर लापरवाह चपरासी निलम्बित

**लखनऊ।** जिला चिकित्सालय फतेहपुर में निरीक्षण के दौरान प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने चपरासी प्रमोद कुमार से परिचय पूछा तो उसने स्वयं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्थान पर कार्यरत बताकर अधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया। मंत्री सचान ने इसे सरकारी आचरण नियमावली का उल्लंघन मानते सख्ती दिखाते हुए मरीजों को गुमराह करने वाले चपरासी प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिए। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रमोद कुमार को निलम्बित कर दिया गया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, गुमराह करने अथवा अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ऐसी घटनाओं पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निलम्बन की अवधि में प्रमोद कुमार को केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही अनुमन्य होगा। इस अवधि में किसी अन्य व्यवसाय अथवा सेवा से न जुड़ने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मामले की जांच के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. इश्त्याक अहमद को नामित किया गया है।

# अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी

## पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग अध्यक्ष ने 30 प्रकरणों की जनसुनवाई की

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इन्दिरा भवन, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 30 शिकायतों व पत्रावलियों की जनसुनवाई की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण मामलों की समीक्षा की गयी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गये। जनसुनवाई के दौरान अन्य पिछड़े वर्ग के जाति प्रमाण पत्र की वैधता व निर्गमन प्रक्रिया पर विशेष सचिव, कार्मिक विभाग के साथ बैठक की गई। इसमें जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों पर विचार-विमर्श कर विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के सेवानिवृत्ति उपरान्त देयकों के भुगतान से संबंधित मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख सचिव सहकारिता को पत्र भेजने के निर्देश दिए।



इसी प्रकार, सीतापुर जनपद की उमा देवी के गाँव की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में उपजिलाधिकारी, सिधौली की लापरवाही को गंभीर मानते हुए नियुक्ति विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। लखनऊ निवासी सुधा सिंह के पति स्वर्गीय आनन्द कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति उपरान्त देयकों के भुगतान न होने के प्रकरण में भी नगर विकास विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष जताया गया। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता दिखाएँ और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए शिकायतकर्ता को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें। वहीं झाँसी के बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य (हिन्दी) नवीन चन्द्र पटेल से संबंधित प्रकरण का समाधान हो जाने पर आयोग ने इसे निस्तारित कर दिया। अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि भविष्य में सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा।

## उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनान्तर्गत कम पूँजी में उद्यम स्थापना व रोजगार सृजन में अग्रणी

**लखनऊ।** प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ-साथ अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने हेतु सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास, हस्तशिल्पियों के विकास तथा निर्यात प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार सतत प्रयत्नशील है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम कम पूँजी में स्थापित एवं व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित करते हैं और पर्यावरण की दृष्टि से भी अधिक अनुकूल होते हैं। इन उद्यमों से प्रदेश का समावेशी एवं बहुआयामी विकास होता है।प्रदेश के औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के महत्व को ध्यान में रखते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 28.09.2022 को नवीन एमएसएमई नीति-2022 घोषित की गयी है। नई नीति में रोजगार सृजन में 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि प्रस्तावित है। उद्योग स्थापना के लिए भूमि क्रय किये जाने पर पूर्वान्चल एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र तथा सम्पूर्ण प्रदेश की महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत तथा शेष क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट प्रदान की जा रही है।निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति/लाइसेन्स/ अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया आनलाइन व्यवस्था की गयी है जिससे उद्यमी समयबद्ध रुप से स्वीकृतियां आदि प्राप्त कर रहे है।

## दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए हरसंभव सहयोग देगी प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में स्थित राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत चल रहे संरक्षण कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंचे। यह उनका विश्वविद्यालय परिसर में तीसरा आगमन था। विश्वविद्यालय परिवार ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्तिवाचन के बीच किया। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार और वित्त अधिकारी सहित आचार्यों ने उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री योगी ने दुर्लभ पांडुलिपियों एवं उनके संरक्षण कार्यों की प्रगति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कार्यों की गति और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की धरोहर इन पांडुलिपियों का संरक्षण एक सराहनीय कार्य है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित करना आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण दायित्व है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विस्तार भवन में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा चल रहे संरक्षण कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक सरस्वती भवन पुस्तकालय और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का तीसरी बार विश्वविद्यालय आगमन होना संस्कृत भाषा, विश्वविद्यालय और देववाणी के लिए गौरव और हर्ष की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पांडुलिपियों के संरक्षण के इस अभियान को गति देने में विश्वविद्यालय पूरी तरह से तत्पर है। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिवार से कुलसचिव राकेश कुमार, वित्त अधिकारी हरिशंकर मिश्र, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, प्रो. राजनाथ, अभियंता रामविजय सिंह, जनसंपर्क अधिकारी शशिंद्र मिश्र सहित कई आचार्य और अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्रामीण सड़कों का उन्नयन राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण सड़कों का उन्नयन राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। पीएमजीएसवाई में उत्तर प्रदेश की अग्रणी भूमिका रही है। ग्रामीण मार्गों के निर्माण में एफडीआर तकनीकवरदान साबित हो रही हैं। पीएमजीएसवाई की सड़कों में एफडीआर तकनीक अपनाने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे बड़ी जरूरत रोड कनेक्टिविटी है। एफडीआर तकनीक से बनी सड़कें ग्रामीणों का हाईवे सिद्ध हो रही हैं। समग्र विकास के लिए रोड कनेक्टिविटी सर्वोच्च आवश्यकता है। गांव के विकास में पीएमजीएसवाई की सड़कों का व्यापक प्रभाव रहा है। एफडीआर तकनीक में कम लागत में उच्च गुणवत्ता की ज्यादा टिकाऊ सड़के बन रही हैं।गांवो में रोडनेट वर्क बढ़ने से किसानों को बहुत फायदा हुआ है, ग्रामीण उद्यम भी बढ़े हैं। ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क से समावेशी विकास संभव हुआ है। पर्यावरण संतुलन के साथ,हमें हर घर नल की तरह हर घर सड़क से जोड़ना है। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को आईआरसी व यूपीआरआर डीए (ग्राम्य विकास विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में



इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में सड़क निर्माण में एफडीआर तकनीक व ग्रीन टेक्नोलॉजी का उपयोग विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर सेमिनार का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होने आईआरसी का नाम भारतीय सड़क संघ करने का सुझाव दिया। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग व यूपीआरआरडीए की पुस्तिका का विमोचन भी किया।उप मुख्यमंत्री ने यहां पर प्रदेश व देश के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स,सामग्री निर्माणकर्ताओ, कम्पनियो, सप्लायरो, व विभागो द्वारा रोड कांन्स्ट्रकशन पर आधारित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया व सराहना की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने सन 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की थी, इस योजना में नए आयाम स्थापित किए गये हैं।

# आश्रित पुलिस परिजनों को सैलरी पैकेज के करीब 20 करोड़ की सहायता पहुंचीं



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 राजीव कृष्णा द्वारा आज दिनॉकः 29.08.2025 को विभिन्न जनपदों में अलग-अलग तिथियों में मृत पुलिस कर्मियों के शोक संतप्त आश्रित परिजनों एवं दुर्घटना में विकलांग पुलिस कर्मियों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी पैकेज (च्चै) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से किये गये एमओयू के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत/विकलांग पुलिस कर्मियों को पुलिस सेलरी पैकेज (च्चै) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किये जाते हैं इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा द्वारा पुलिस कर्मियों के परिजनों एवं दुर्घटना में विकलांग पुलिस कर्मियों को करीब 20 करोड़ रूपये के चेक प्रदान किये गये। इस अवसर पर अमिताभ यश, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, आरके भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक पुलिस भवन कल्याण सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबन्धक शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप महाप्रबन्धक कमलेश राठौर, शाखा प्रबन्धक शिशिकांत सिंह उपस्थित रहें।

## सेंचुरियन विवि और राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के बीच एमओयू साइन



**लखनऊ।** राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश एवं सेंचुरियन विश्वविद्यालय, ओडिशा के मध्य, प्रशासनिक, शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के साथ-साथ संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर आज दिनांक 29 .08 .2025 को राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस मुख्यालय में सेंचुरियन विश्वविद्यालय, ओडिशा द्वारा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश एवं सेंचुरियन विश्वविद्यालय के मध्य, प्रशासनिक, शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के साथ-साथ संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के प्रमुख लाभ है- संयुक्त शिक्षण/प्रशिक्षण और अनुसंधान पहल, शोध सामग्री प्रकाशनों और पुस्तकालय संसाधनों का आदान-प्रदान, वैज्ञानिक उपकरणों/ सॉफ्टवेयर और प्रयोगशाला सुविधाओं का सदुपयोग, वैज्ञानिकों/शोधार्थियों के लिए सह-मार्गदर्शन के अवसर प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के समय अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफीसर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय एवं प्रभारी निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला उपस्थित रहे एवं सेंचुरियन विश्वविद्यालय, ओडिशा के प्रेसीडेंट, प्रोफेसर मुक्तिकान्त मिश्र, वॉयस चांसलर डॉ0 सुप्रिया पटनायक, निदेशक मोनालिशा घोष एवं एसोसिएट डीन डॉ0 रीना सी. झमतानी उपस्थित रहे।

## योगी सरकार का राम की पैड़ी पर 26 .11 लाख दीप प्रज्वलित करने का है लक्ष्य, एडीएम सिटी मुख्य व अन्य विभागों से 20 नोडल बनाए गए

# रिकॉर्ड बनाने को 32 हजार वालंटियर बिछायेंगे 28 लाख दीप

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अयोध्या।** श्रीराम की नगरी अयोध्या एक बार फिर दीपोत्सव के भव्य आयोजन के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस बार राम की पैड़ी पर नौवें आयोजन के दौरान 26.11 लाख दीप प्रज्वलन का लक्ष्य रखा है । इसके लिए 28 लाख दीप बिछाने की योजना बनाई गई है। इस महायज्ञ में 32 हजार वॉलंटियर्स की सेना उतरेगी, जो दीपों को सजाने और प्रज्वलित करने का कार्य संभालेगी। 19 अक्टूबर की शाम को होने वाला यह आयोजन लेजर लाइट शो और ग्रीन आतिशबाजी से और भी आकर्षक होगा।

प्रशासन ने इस भव्य आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अयोध्या के एडीएम सिटी योगेंद्र पाण्डेय को मुख्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि विभिन्न विभागों से 20 नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, जो आयोजन की हर बारीकी पर नजर रखेंगे। दीपोत्सव की तैयारियों में स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। राम की पैड़ी को दीपों से सजाने के लिए विशेष डिजाइन



तैयार किए गए हैं, जो भगवान राम की लीलाओं को दर्शाएंगे। इन दीपों को जलाने के लिए सरसों तेल और पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग होगा, ताकि पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे।

**रामकथा पार्क तक जाएंगी झांकियां**

सूचना विभाग की ओर से साकेत महाविद्यालय से 11 झांकियों का आयोजन किया जाएगा। ये झांकियां रामायण के प्रमुख प्रसंगों को जीवंत करेंगी और अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेंगी। इन झांकियों में आधुनिक तकनीक का उपयोग होगा, जिससे दर्शकों को एक अनूठा अनुभव मिलेगा। झाकियां यहां से निकलकर रामकथा पार्क तक जाएंगी।

**मंत्रमुग्ध हो जाएंगे पर्यटक व श्रद्धालु**

19 अक्टूबर की शाम को लेजर लाइट शो और ग्रीन आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा, जो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। यह आतिशबाजी पर्यावरण के अनुकूल होगी, जिससे प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। दीपोत्सव के इस आयोजन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की भी भारी भीड़ की उम्मीद है।रामलीलाओं का होगा मंचन।पिछले वर्ष सरयू में सामूहिक सरयू आरती का बना था वर्ल्ड रिकॉर्ड। एक बार फिर सामूहिक वर्ल्ड रिकॉर्ड सरयू आरती का बनाने का किया जाएगा प्रयास।

**जानिए, कब कितने दीप जले**

| वर्ष | जले दीप |
|---|---|
| 2017 | 1.71 लाख |
| 2018 | 3.01 लाख |
| 2019 | 4.04 लाख |
| 2020 | 6.06 लाख |
| 2021 | 9.41 लाख |
| 2022 | 15.76 लाख |
| 2023 | 22.23 लाख |
| 2024 | 25 लाख |

**प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए: डीएम**

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी और पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ मेडिकल टीमें भी तैनात रहेंगी। स्वच्छता के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि राम की पैड़ी और आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है।, **क्रम सं.:–** 1., **ई–प्रापण निविदा संख्या:–** NER-GKP-RSP-2025-14, **कार्य का नाम:–** सीवान (एस.वी.) भटनी (बी. टी.टी.) सेक्शन के बीच जीरादेई (जेडआरडीई) यार्ड में किमी 396/29–31 पर एल. सी. संख्या 96 के स्थान पर दो लेन वाले एंड–टू–एंड रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण, जिसमें आरई वॉल/पीएससी गर्डर/कम्पोजिट गर्डर शामिल हैं और पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी डिवीजन के रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैंक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग किया जाएगा।, **अनुमानित निविदा मूल्य:–** 507927851.43, **बयाना राशि:–** 2689600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०):–** 0.00 शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:–** 24 महीने, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि–दिनांक 08.09.2025, • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 22.09.2025, 15:00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 22.09.2025, 15:00 बजे, • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**अधिशासी अभियन्ता/निर्माण/आर.एस.पी गोरखपुर**

**मुजाधि/डब्लू–229**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## एक नजर

### श्री गणेश महोत्सव 2025 में बीबीडी के छात्रों ने की शानदार प्रस्तुति

**लखनऊ।** बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2025 के तीसरे दिन बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की अद्भुत छठा बिखेरी पूरा कार्यक्रम विघ्न विनाशक गजानन गणपति को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत बीबीडी के छात्रों द्वारा शिव स्तोत्र एवं डांस गणेश वंदना वक्र तुंड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभा जय देव जय देव गजानन गणनाया, देवा श्री गणेशा,देव श्री गणेशा, गणपति की जय जयकार आदि भजनो पर गणेश नृत्य प्रस्तुत किया गया।डॉ अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के छात्रों द्वारा एकदंताय वक्रतुंडाय गौरीतननाय धीमहि,मोरया मोरया बप्पा मोरया एवं हरे राम हरे कृष्ण आदि गानों पर नृत्य कर मनमोहक प्रस्तुति की गईं। इसी श्रृंखला में बीबीडी टीम द्वारा स्किट गणेश एवं कामासुर के बीच युद्ध पर अदभुत प्रस्तुति पेश किया जिसे दर्शको द्वारा सराहा गया।गौरी नंदन तुमको वंदन भजन गाकर श्रोताओं का दिल जीता। छात्रों द्वारा शिव तांडव नृत्य दिखाया गया। श्रीगणेश जी के जन्म एवं जीवन कथा संरचनाओ के माध्यम से दर्शाया गया जो इस सिद्धांत पर भी प्रकाश डालता है कि जहां माता पिता का सम्मान होता है,वही भगवान का वास होता है। छात्रों द्वारा समुद्र मंथन दानवों और दैतयो के युद्ध काअदभुत प्रदर्शन किया,जिसे देखकर उपस्थित दर्शको की तालियों से पंडाल गुंजायमान हो गया। आज इस महोत्सव में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के छात्र.छात्राओं एवं आसपास के गांवो से हजारो की संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का भरपूर आनन्द लिया। आज की सांयकालीन महाआरती में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता,बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिषासी निदेशक आर के अग्रवाल बीबीडीयू के वाइस चांसलर प्रो एस के श्रीवास्तव,प्रो वाइस चांसलर डॉ एस सी शर्मा ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। तत्पश्चात महाआरती के बाद भक्तों को लडडू एवं खील बतासे का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्र हित में मां के नाम लगाएं पेड़ : शैलेंद्र कुमार सिंह



**लखनऊ।** बाबा साहब डॉ भीमराव राम जी अम्बेडकर अधिवक्ता मिलन उच्च न्यायालय लखनऊ द्वारा शुक्रवार को हाईकोर्ट के पद पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह अमितेश, पश्चिम भाग सह भाग कारवाह बलराम वर्मा, उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के मुख्य स्थाईअधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा मिलन प्रमुख मृत्युंजय प्रताप सिंह ने देश के अधिवक्ताओं सहित लोगों से अपील करते हुए कहा है कि राष्ट्र हित मे एक पेड़ मां के नाम अपने घर के पास वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। अधिवक्ता मिलन सह प्रमुख अम्बरीष वर्मा ने कहा कि हम अधिवक्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। अधिवक्ता श्रेणी प्रमुख शैलेन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि वृक्षारोपण से हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिलेगा। इन लोगों समेत उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के पास बने पार्क में तमाम अधिवक्ताओं ने भी वृक्षारोपण किया। मिलन मिलन के पंकज अवस्थी, राजीव नारायण पांडे, अल्पना श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार सिंह,शोभित सक्सैना, आलोक श्रीवास्तव, राजेश कुमार शर्मा, राजेश कुमार, आलोक श्रीवास्तव, राहुल सिंह, निकिता मिश्रा, हरी शंकर मौर्य, जसकरन लाल मौर्य, अरविंद पांडेय, राजकिशोर ,शोभित सक्सेना, बृजनंदन यादव, विनीत वर्मा, पूजा श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ताओं ने वृक्षारोपण किया।

### महिला के मकान से लाखों के गहने हुए चोरी

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र निवासी दिल्ली में तैनात सीआरपीएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत महिला के मकान को बेखौफ चोरों ने निशाना बनाया।, घर में रखे जेवरात किये चोरी। बिजनौर थाना क्षेत्र के सैनिक एंक्लेव निवासी शकुंतला देवी का कहना है कि वह दिल्ली में सीआरपीएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। पीडिता का कहना है कि 17 अगस्त को वह छुट्टी व्यतीत कर दिल्ली वापस ड्यूटी पर चली गई। पीडिता का कहना है कि 23 अगस्त को उनके घर पर काम करने वाली महिला ने घर में चोरी होने की सूचना दी। पीडिता ने कहा कि घर पर काम करने वाली महिला ने बताया कि घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है । पीडिता का कहना है कि घर में कुछ सोने के जेवर चांदी की जेवर रखे हुये थे ।जो चोरी हो गए हैं। जिसकी डिटेल लिखकर दे देंगी ।पीडिता ने इसकी शिकायत बिजनौर थाने में दर्ज कराई। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### खिलाड़ी नशे से दूर होकर ही अपना कैरियर बचा सकते हैं : पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर

**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्थित साई स्पोर्ट सेन्टर में सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ पूर्व डिप्टीसीएम दिनेश शर्मा की अगुवाई में शुरू हुआ। केन्द्र सरकार द्वारा गॉव, गली मोहल्लो से प्रतिभाओं को आगे बढाने के लिए प्रतिवर्ष सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराती है। इसी कडी में आज लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के संयोजक राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने राष्ट्रीस खेल दिवस के अवसर पर रजिस्ट्रेशन का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने मेजर ध्यानचंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की सुरूवात की और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने खिलाडियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किये। पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कहा कि हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र जी का आज जन्मदिन है। इसको सरकार ने राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया है। मेरा सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि मेजर ध्यानचंद की तरह खेल के प्रति समर्पण की भावना होनी चाहिये खेल से सभी को जुड़ना चाहिए जिससे हम सभी फिजिकल व मेंटल रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। पूर्व केन्द्रिय मंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के बाद कुछ खिलाड़ी नशे की तरफ चले जाते हैं, वह नशे से दूर रहकर ही अपना कैरियर बचा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने खेल को गांव ब्लॉक स्तर तक पहुचाने का कार्य किया है। विकसित भारत के लिए नशामुक्त देश बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने कहा कि 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक सांसद खेल महोत्सव चलेगा।

# हर खिलाड़ी समाज का हीरो, राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा : योगी

## खेल दिवस पर सीएम योगी ने 88 पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है।

हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह में खेल मंत्री ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936—तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश के लिए यह इसलिए भी गौरव की बात है क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। उनकी स्मृति में मेरठ में प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का नामकरण मेजर ध्यानचंद जी के नाम पर किया गया है और इस सत्र से वहां पाठ्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

ओलंपिकः एकल स्वर्ण 6 करोड़, रजत 4 करोड़, कांस्य 2 करोड़; टीम स्वर्ण 3 करोड़, रजत 2 करोड़, कांस्य 1 करोड़। एशियन गेम्सः स्वर्ण 3 करोड़, रजत 1.5 करोड़, कांस्य 75 लाख। कॉमनवेल्थ गेम्सः स्वर्ण 1.5 करोड़, रजत 75 लाख, कांस्य 50 लाख।

वर्ल्ड चैंपियनशिपः स्वर्ण 1.5 करोड़, रजत 75 लाख, कांस्य 50 लाख। नेशनल/स्टेट गेम्सः एकल स्वर्ण 6 लाख, रजत 3 लाख, कांस्य 2 लाख; टीमस्वर्ण 2 लाख, रजत 1 लाख, कांस्य 50 हजार। प्रतिभाग प्रोत्साहनः ओलंपिक में हिस्सा लेने पर 10 लाख, कॉमनवेल्थ व एशियन गेम्स में प्रतिभाग पर 5-5 लाख। सम्मानित पुरस्कृत/ पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों को सहायताः अर्जुन, द्रोणाचार्य, मेजर ध्यानचंद, खेल रत्न व खेल क्षेत्र के पद्म पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को20,000 प्रतिमाह सहायता। वृद्ध/ अशक्त/ विपदाग्रस्त खिलाड़ीः अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 10,000 तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 6,000 प्रतिमाह वित्तीय सहायता। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद ब्रजलाल, संजय सेठ, विधायक जय देवी, योगेश शुक्ला, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुरक्षित भविष्य के लिए साइबर सुरक्षा से होना होगा अपडेट : डॉ . लीना मिश्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

● बालिका विद्यालय में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** आज के डिजिटल युग में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इसके माध्यम से हम शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, संचार आदि कई क्षेत्रों में कार्य करते हैं। लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए साइबर सुरक्षा की आवश्यकता दिन-ब-दिन महत्वपूर्ण होती जा रही है। साइबर सुरक्षा का अर्थ है कंप्यूटर, मोबाइल, नेटवर्क और डेटा को अनाधिकृत पहुँच, हैकिंग, वायरस, फ़िशिंग और अन्य साइबर हमलों से सुरक्षित रखना। यदि उचित सुरक्षा उपाय न अपनाए जाएँ, तो हमारी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स और पहचान चोरी हो सकती है, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है। साइबर सुरक्षा के लिए हमें कुछ जरूरी सावधानियाँ बरतनी चाहिए, जैसे मज़बूत पासवर्ड का उपयोग करना, अज्ञात लिंक या ईमेल पर क्लिक न करना, एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना और नियमित रूप से अपने सिस्टम को अपडेट करते रहना। सरकार भी विभिन्न कार्यक्रमों और कानूनों के माध्यम से साइबर सुरक्षा को बढ़ावा दे रही है। आम नागरिकों को जागरूक होना और डिजिटल सतर्कता बनाए रखना आज की आवश्यकता है। ये जानकारियां बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज, मोती नगर, लखनऊ में आज एन आई आई टी फाऊंडेशन के माध्यम से साइबर सुरक्षा विषय पर आयोजित एक कार्यशाला में साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग मैनेजर सुश्री अमरीन एवं प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र द्वारा छात्राओं को दी गईं। इस कार्यक्रम का आयोजन पूनम यादव, मंजुला यादव और प्रतिभा रानी के निर्देशन में हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र ने आमरीन का विद्यालय परिसर में स्वागत किया और छात्राओं से कहा कि वे सभी साइबर के माध्यम से होने वाले आपराधिक मामलों के बारे में अद्यतन जानकारी रखें और अपने एवं अपनों को उसके दुष्प्रभाव से बचाएं। इस फाउंडेशन का उद्देश्य साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाना, डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन प्राइवेसी और साइबर हाइजीन के प्रति विद्यालय की छात्राओं और युवाओं को जागरूक करना है। इसी विषय को लेकर विद्यालय की छात्राओं को जागरूक करने के लिए उन्हें टोल फ्री नंबर्स के विषय में, पासवर्ड सेटिंग, फिशिंग अटैक, चैट जी पी टी, सोशल नेटवर्किंग साइट्स की कमियों के बारे में विस्तार से बताया जिससे छात्राएं इनके माध्यम से होने वाले आपराधिक मामलों से अपने आपको सुरक्षित रख सकें और स्वस्थ और सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें। इस कार्यशाला में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक की लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



# राष्ट्रसेवा में अपनी अहम भूमिका निभा रहे अरुण एवं गुंजन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

● मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन ने किया राष्ट्रहित में जनसेवा

**लखनऊ।** संस्था मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन अपनी टीम परिवार के साथ राष्ट्रहित में सतत जनसेवा में लगा हुआ है। अमीनाबाद पहुंचकर एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे को स्कूल जाने के लिए नई साईकिल उपलब्ध कराई गई, राजाजीपुरम क्षेत्र में रहने वाली आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी को स्कूल जाने के लिए एक नई साइकिल प्रदान की गई,गोमतीनगर क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चे के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, एक मिडिल क्लास फैमिली में पति के इलाज के लिए 15000 रुपए का गुप्त दान दिया गया और एक आर्थिक रूप से कमजोर अनाथ बच्ची की फीस के लिए 2000 रूपये का आर्थिक सहयोग दिया गया। संस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने प्रत्येक जगह पहुंचकर जरूरत के सभी सामान जरूरतमंदों को प्रदान किया। इस नेक कार्य में विशेष सहयोग डॉ नफीस अहमद सिद्दीकी,कुंवर अंशुमान सिंह,सत्य शरण सिंह,अंशुल निगम, सुहैल खान, विकी गुप्ता, मो इमरान खान, शिवम वर्मा, रागिनी राय, मदनमोहन शुक्ला, संगीता सिंह शाक्य, योगेंद्र पाल सिंह भल्ला, सौरभ अग्रवाल, टीपी वर्मा, डॉ नेहर्षि, इंस्पेक्टर रूबी सिंह, प्रीति कुमार, मोनालिसा, नीलम श्रीवास्तव, रोली जायसवाल, रोली सिंह, मोनिका सिंह, तृप्ति पांडे, सरुपा तिवारी का प्राप्त हुआ। संस्था समय समय पर समाजसेवी, चिकित्सक, पुलिस, पत्रकार, वकील का सम्मान जनशक्ति सम्मान समारोह एवं नारी सशक्तिकरण महिला सम्मान समारोह व हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के माध्यम से किया जाता है।

### राज्य महिला आयोग ने की साइबर क्राईम व एआई को लेकर कार्यशाला

**लखनऊ।** शुक्रवार को उ.प्र. राज्य महिला आयोग में साइबर क्राईम/ए.आई. विषयक एक कार्यशाला का आयोजन मा. अध्यक्ष डॉ. बेदीता सिंह चौहान, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव, श्रीमती चारू चौधरी, मा. सदस्यगण उ.प्र. राज्य महिला आयोग एवं अरुण कुमार सहायक पुलिस आयुक्त, लखनऊ उ.प्र. द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में अरुण कुमार द्वारा फिशिंग लिंक के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, विशिंग कॉल्स के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, ऑनलाइन बाजारों का उपयोग करके किये जाने वाले साइबर अपराध, एटीएम कार्ड स्किमिंग फ्रॉड, सिम स्वैपिंग या सिम क्लोनिंग के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, सर्च इंजनों के माध्यम से क्रडेंशियल कॉम्प्रोमाइज कर किये जाने वाले साइबर अपराध, यूपीआई अकाउंट टेकओवर फ्रॉड, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, क्यू आर कोड स्कैम, ई-मेल द्वारा कारित अपराध, सेक्सटार्सन फ्रॉड (हनी ट्रैप), फर्जी वेबसाइट फ्रॉड, फर्जी तरीके से प्राप्त डाक्युमेन्ट द्वारा फ्रॉड लोन ले लेना, एम.एल.एम. स्कीम अथवा पिरामिड स्कीम फ्रॉड, फर्जी बैंक रिकवरी एजेन्ट धोखाधड़ी, सरकारी योजनओं के नाम पर फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग, बैंकिग फ्रोड, कॉल स्पूफिंग, क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन फ्रॉड, मेलवेयर, कैशबैक ऑफर का प्रयोग कर ऑनलाइन फ्रॉड आदि योजनाओं के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी एवं मा. पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आगामी जनसुनवाई जागरूकता चौपाल के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को सम्बन्धित उपरोक्त विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ दिये जाने पर बल दिया गया।

# व्यथा कौन्तेय की का विमोचन करेंगे हिंदी के दिग्गज साहित्यकार

## उपन्यासकार मनोरमा श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी कर चुके हैं सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** सूर्यपुत्र की अलौकिक तेजस्विता एवं देदीप्यमान कवच कुंडल के साथ कर्ण के धरावतरण पर उसे प्रथम प्रतिकार किसी और से नहीं अपितु अपनी ही जन्मदात्री मां से मिलता है जो उस नवजात शिशु को एक पिटारे में रखकर वेगवती नदी में प्रवाहित कर देती है और यहीं से प्रारंभ होती है काल प्रवाह में नियति के थपेड़ों को झेलते हुए कौन्तेय की व्यथा -कथा। कर्ण का पहला संकट उसकी अस्मिता को स्थापित करने से जुड़ा है क्योंकि वह है सूर्यपुत्र पर उसकी पहचान सूत पुत्र की है। वह कौन्तेय है, कुलीन है, पराक्रमी है, अजेय है किंतु उसकी नियति उसे अकुलीनता, हीनता एवं अंतहीन उपेक्षा के अपरिमित दर्द और दंश के साथ निरंतर घेरे रहती है ।उसकी अदम्य दानशीलता उसे प्रतिष्ठा एवं प्रसिद्धि के सुगम मार्ग पर ले जाने की अपेक्षा उसे वहां ले जाती है जहां कवच और कुंडल की छलपूर्ण याचना हेतु देवराज इंद्र खड़े हैं और पांडवों की जीवनरक्षा हेतु हाथ फैलाए खड़ी हैं स्वयं उसकी जन्मदात्री मां -कुंती ।और यहीं अदृश्य नियति उसके भावी पराजय का लेख लिख देती है। कुचक्रों से घिरी उलझाव भरी परिस्थितियों में जहां कर्ण को तिरस्कृत एवं हतोत्साहित करने वालों की कमी नहीं है वहीं उसकी विडंबना पूर्ण नियति मान सम्मान का एक संकरा मार्ग खोल देती है -उसे कुरुपति दुर्योधन का मित्र बनाकर। और फिर इस मैत्री का गहरा



मूल्य चुकाना पड़ता है कर्ण को भटकाव भरे अति महत्वाकांक्षी एवं और अविवेकशील जीवन जीने वाले दुर्योधन के कई गलत एवं अपयश भरे निर्णयों में उसका साथ देकर ।नियति की क्रूर कूट रचना तीव्रता के साथ उजागर होती है युद्ध भूमि में- रथ चक्र के फंसने के उपरांत निःशस्त्र एवं निहत्थे होकर मृत्यु को वरण करने में क्योंकि वह अभिशप्त है अभिशप्त है वह। सुविख्यात लेखक मनोरमा श्रीवास्तव का ताजा उपन्यास- व्यथा कौन्तेय की, कुछ इसी भावभूमि पर केंद्रित है। उपन्यास का लोकार्पण कल शनिवार 30 अगस्त को हिंदी संस्थान के निराला सभागार में मूर्धन्य साहित्यकार एवं पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह तथा प्रख्यात कवि डा. बुद्धिनाथ मिश्र करेंगे। महाभारत के कई दहकते प्रश्नों का निर्मम विश्लेषण करती यह कृति अपने औपन्यासिक विस्तार के साथ इसे स्वच्छ जल की भांति साफ कर देती है कि अपनी देदीप्यमान तेजस्विता एवं दिव्य कवच कुंडल के साथ कर्ण अजेय था। अपनी अनुपम दानशीलता से एवं अनुपमेय संवेदनशीलता के कारण वह मानवता का श्रेष्ठ भूषण है जिसकी प्रशंसा स्वयं भगवान श्री कृष्णा करते हैं जो उसे पांडवों का अग्रज होने के कारण हस्तिनापुर का वास्तविक सम्राट मानते हैं और उसके शीश पर राजमुकुट रखने का प्रस्ताव रखते हैं। महाभारत के अनेक जलते हुए प्रश्नों के मध्य गुजरती यह कृति अन्ततोगत्वा यह प्रश्न भी उठाती है; क्या कौन्तेय की व्यथा का कोई अंत भी है? और एक सृजनात्मक कल्पना के साथ तथ्यों का विश्लेषण करते हुए समाधान पूर्ण उत्तर देती है जब कर्ण के समक्ष उसकी देह यात्रा के उपरांत स्वयं भगवान कृष्ण कुछ रहस्यमय पृष्ठों को खोलते हैं जो इस कृति को एक फेनिल ताजगी के साथ अत्यंत विचारोत्तेजक एवं पठनीय बनाती है। उपन्यासकार मनोरमा श्रीवास्तव ने शिक्षण कार्य से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। बच्चों में भिक्षावृत्ति निवारण हेतु उन्होंने विशेष रूप से प्रयास किये हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य के लिए लखनऊ की अनेक संस्थाओं द्वारा समय-समय पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कमजोर वर्ग की सेवा हेतु सम्मानित, राज्यपाल ने समाज सेवा व साहित्य सेवा के लिए 'गोमती गौरव सम्मान 'से सम्मानित उन्हें सम्मानित किया है। उर्दू अदब के अजीम शायर मुनव्वर राणा साहब पर केंद्रित उनके संस्मरण इनदिनों प्रकाशनाधीन हैं।

# भारत में सांस्कृतिक भ्रमण करने की इच्छा बढ़ रही है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रमुख ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने हाल ही में अपनी सांस्कृतिक पर्यटन रिपोर्ट जारी की है। इसमें भारतीय सैलानियों के बीच विश्वसनीय स्थानीय विरासत, परंपराओं एवं अनुभवों की खोज करने की बढ़ती इच्छा प्रदर्शित हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 82 प्रतिशत भारतीय सैलानी ऐसे स्थानों की यात्रा करना चाहते हैं, जो उन्हें सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करें। युवा पीढ़ी में मिलेनियल्स (84 प्रतिशत) और जेन ज़ी (80 प्रतिशत) की सांस्कृतिक अनुभवों की ओर दिलचस्पी बढ़ रही है। उनका यह जोश और अधिक गहराई की ओर आकर्षित हो रहा है क्योंकि अधिकांश सैलानी सांस्कृतिक पर्यटन को केवल संस्कृति को देखने तक सीमित नहीं मानते हैं। उनके अनुसार उनकी ट्रिप तब सफल होती है, जब वो उसके बारे में ज्ञान प्राप्त करते हैं। 39 प्रतिशत सैलानी अपने सफर को तब सफल मानते हैं, जब वो उस जगह और वहाँ के लोगों के बारे में कुछ नई जानकारी लेकर वापस आते हैं। भारतीयों को यात्रा करने में मदद करने के लिए नील घोष ने आगे कहा, ''जगहों की खोज करने के लिए सैलानी स्काईस्कैनर के ऐप-ओनली एआई फीचर में अपनी रुचि डाल सकते हैं। इसके बाद सैवी सर्च द्वारा उन्हें मंदिरों वाले शहरों, स्थानीय अनुभव देने वाले स्थानों, शाही महलों आदि को खोजने में मदद मिलती है। यह टूल दिए गए संकेतों के आधार पर स्थानों की सूची तैयार करता है, स्काईस्कैनर की फ्लाइट सर्च में ले जाता है, तथा आपको सबसे अच्छे मूल्यों की तुलना करने में समर्थ बनाता है। त्योहारों के आसपास छुट्टियों की योजना बनाने के लिए सबसे आसान तरीका है, 'होल मंथ व्यू', जो उन तारीखों के आसपास उड़ान के लिए सबसे सस्ते दिन तलाशने में मदद करता है। इस तरह की स्मार्ट प्लानिंग से किफायती मूल्य में सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किए जा सकते हैं, और आप ऐसी यादों और जानकारी के साथ वापस आ सकते हैं, जो आजीवन आपके साथ बनी रहेंगी।'' सैलानियों की सांस्कृतिक पर्यटन में बढ़ती रुचि इस बात का संकेत है कि देश में पर्यटन उद्योग का भविष्य सांस्कृतिक अनुभवों की ओर बढ़ रहा है। इस बारे में डॉ. अदिति रावत ने कहा, ''इस परिवर्तन को सांस्कृतिक शहर और विश्वसनीय स्थानीय अनुभव गति दे रहे हैं, जो सैलानियों को स्थानीय लोगों और उनके जीवन से जुड़ने का अवसर देते हैं।

## नवरात्री स्पेशल कलेक्शन के साथ कॉटन एंड सिल्क फैब का आयोजन

# सभी लोगों को स्वदेशी का बढ़ावा देना चाहिए





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** नवरात्री स्पेशल कलेक्शन के साथ कॉटन एंड सिल्क फैब ने कैसरबाग सफेद बारादरी में नवरात्री स्पेशल पार्टी वियर परिधानों की प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष, रेडक्रास सोसाइटी के मेंबर एवं गैलेंट्री अवॉर्ड से पुरस्कृत अमरनाथ मिश्रा ने फीता काटकर दस दिवसीय कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी आयोजक मानस आचार्य, जावेद मकसूद ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

29 अगस्त से 7 सितंबर तक आयोजित की गई है। मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्रा ने पूरी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यहां लगे विभिन्न स्टालों पर जाकर परिधानों की जानकारी ली। अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि त्यौहार के मौके पर इस तरह से एक छत के नीचे महिलाओं के लिए अलग अलग परिधान उपलब्ध कराना आयोजक का सराहनीय कार्य है। उन्होंने स्वदेशी का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को स्वदेशी का बढ़ावा देना चाहिए। प्रदर्शनी में 100% शुद्ध प्राकृतिक रेशों (रेशमी, कपास, लिनन) पूरे भारत से सीधे हथकरघा उत्पाद सभी प्रकार के हैं। बनारसी, तस्सर कांथा एवं मुद्रित, गढ़वाल, चंदेरी, महेश्वरी, कोटा, जयपुर बगरू प्रिंट्स,बेंगलुरु शुद्ध क्रेप सिल्क्स, कलमकार, कांचीपुरम, पोचमपल्ली इक्कत/वेंकटगिरी/नारायणपेट/उप्पादा जामधानी / पैठानी / कोलकाता बुटीक / चंपा कोसा साड़ी और कॉटन साड़ी और ड्रेस सामग्री / लाइफ स्टाइल गारमेंट्स हैंडलूम उत्पादों की लगी इतनी सारी प्योर वैरायटी एक ही छत के नीचे प्रदेश के विभिन्न राज्यो के उत्पाद लखनऊ वासियों को किफायती दामों में उपलब्ध होते हैं। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों के उत्पाद अपने आप मे अलग पहचान रखते हैं।

# राघव कौशिक का गीत 'तुम' हर किसी को अपने से जुड़ा हुआ महसूस कराएगा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** खारे रास्ते के गायक-गीतलेखक राघव कौशिक ने एक हृदयस्पर्शी गीत 'तुम' पेश किया है। यह एक शांत गाना है, जो प्यार को केवल खुशी नहीं, बल्कि एक याद, दर्द और भक्ति के रूप में देखता है। इस गीत में मानवीय भावनाओं की सम्पूर्ण श्रृंखला को आत्मसात करके एक मधुर और प्रेमपूर्ण शैली में पेश किया गया है। आज सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ हुआ यह गीत राघव की अभिव्यक्तिपूर्ण आवाज में हृदय को छू लेता है। 'तुम' में एक भावुक रचना है, जो गर्मजोश और सिनेमाई एहसास प्रदान करती है। अमृता सलूजा के बोल बहुत सरल और आत्मीय हैं, जैसे आप अपने सबसे प्रिय व्यक्ति से बात कर रहे हों। इस गाने के बारे में राघव ने कहा, ''तुम मेरे जीवन के वास्तविक अनुभव से आया है। यह गाना इतना स्वाभाविक है और इतना सहज है कि मैंने इसके रिलीज़ करने के बारे में कभी नहीं सोचा था। लेकिन मैं जब-जब इसे अपने आसपास लोगों को सुनाता, तब-तब मेरा यह आत्मविश्वास बढ़ता चला जाता था कि सरल धुनें सबसे गहरा प्रभाव छोड़ सकती हैं। प्यार में आपको उठाने की शक्ति है। यह आपको नीचे भी गिरा सकता है। और कभी-कभी ये दोनों एक साथ होते हैं। मैं उसी भावना को ईमानदारी के साथ पेश करना चाहता था। उम्मीद है कि श्रोताओं को यह गाना खुद से जुड़ा हुआ महसूस होगा।'' राघव ने पिछले सालों में भारत में एक हजार से अधिक शो किए हैं और विभिन्न शैलियों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बेकरार (लूप लपेटा, 2022) के साथ बॉलिवुड प्लेबैक की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने नेटफ्लिक्स और हॉटस्टार पर मशहूर ओटीटी परियोजनाओं तथा गुजराती और बंगाली में क्षेत्रीय सिनेमा को अपनी आवाज़ दी है। तुम के साथ उन्होंने गहरी मानवीय कहानियाँ संगीत के माध्यम से एक बार फिर पेश की हैं, जो व्यक्तिगत होने के साथ सार्वभौमिक भी महसूस हों, और इस कला में वो माहिर हैं।



## संपादकीय

# मोदी–ट्रंप रिश्तों में दरार

जर्मनी के प्रतिष्ठित अख़बार फ्रैंकफर्टर आल्गेमाइने साइटुंग (FAZ) ने हाल ही में सनसनीखेज दावा किया है कि डोनाल्ड ट्रंप ने चार बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करने की कोशिश की, लेकिन मोदी ने एक भी कॉल रिसीव नहीं की। सतही तौर पर यह महज़ एक घटनाक्रम लगता है, लेकिन वास्तव में यह घटना आधुनिक कूटनीति की सबसे शक्तिशाली "नॉन–वर्बल डिप्लोमेसी" का प्रतीक है। फोन कॉल का जवाब न देना किसी भी राष्ट्राध्यक्ष के लिए साधारण निर्णय नहीं होता — यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अब अमेरिकी दबाव को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य : भारत–अमेरिका रिश्ते भारत और अमेरिका के रिश्ते हमेशा से उतार–चढ़ाव भरे रहे हैं। नेहरू–केनेडी दौर (1960s) : अमेरिका ने भारत को लोकतांत्रिक सहयोगी के रूप में देखा लेकिन पाकिस्तान को सैन्य मदद देने से रिश्तों में खटास आई। इंदिरा–निक्सन (1971) : बांग्लादेश युद्ध के समय अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने पाकिस्तान का साथ दिया, जिससे भारत–अमेरिका संबंध दशकों तक अविश्वास से भरे रहे। वाजपेयी–बुश (2000s) : न्यूक्लियर डील ने भारत–अमेरिका रिश्तों में ऐतिहासिक मोड़ लाया। यह दौर सहयोग और साझेदारी का स्वर्णकाल माना जाता है। ओबामा–मोदी (2014–16) : मोदी के सत्ता में आने के बाद अमेरिका ने भारत को 'ग्लोबल पार्टनर' मानते हुए कई रणनीतिक समझौते किए। ट्रंप–मोदी (2017–2020) : शुरुआती दोस्ती (Howdy Modi, Namaste Trump) के बावजूद व्यापारिक मुद्दों पर तनाव बढ़ा। ट्रंप की आक्रामक 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने भारत को बार–बार असहज किया। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बाद मौजूदा हालात को समझना आसान है कि भारत अब केवल आर्थिक सहयोग से आगे बढ़कर रणनीतिक स्वायत्तता की दिशा में क्यों बढ़ रहा है। मौजूदा विवाद : ट्रंप की बयानबाज़ी और मोदी की नाराज़गी ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को "डेड इकोनॉमी" कहकर अपमानित किया। यह बयान केवल राजनीतिक भाषा नहीं था, बल्कि एक सोची–समझी रणनीति थी जिससे अमेरिकी मतदाताओं को यह दिखाना था कि वह "कमज़ोर साझेदार" को भी कठोर शब्दों में चुनौती दे सकते हैं। मोदी का कॉल न उठाना इसी का जवाब था। यह निर्णय केवल व्यक्तिगत अहंकार नहीं बल्कि राष्ट्र की गरिमा से जुड़ा था। मोदी जानते थे कि अगर वह ट्रंप से सीधे संवाद करेंगे तो ट्रंप बातचीत को तोड़–मरोड़कर चुनावी मंच पर पेश कर सकते हैं। टैरिफ युद्ध : भारत पर अमेरिकी दबाव अमेरिका ने भारत पर आयात शुल्क बढ़ाकर 50% कर दिया। यह निर्णय रूस से भारत की तेल खरीद के खिलाफ दबाव की रणनीति के तहत लिया गया। इससे भारत के वस्त्र, आभूषण, जूते और समुद्री उत्पादों का निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा। छोटे उद्योगों और निर्यातकों के लिए यह संकट खड़ा कर देगा। वहीं, अमेरिकी बाज़ार में भारतीय उत्पाद महंगे हो जाएंगे, जिसका असर अमेरिकी उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा। भारत ने इसे अन्यायपूर्ण और अनुचित करार दिया है और स्पष्ट किया है कि ऊर्जा सुरक्षा किसी भी दबाव का विषय नहीं है। भारत की प्रतिक्रिया : आक्रामक कूटनीति भारत ने व्यापार वार्ता रद्द कर दी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का दौरा रोक दिया। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अब 'प्रतिक्रियात्मक कूटनीति' नहीं, बल्कि 'आक्रामक प्रतिरोधक कूटनीति' अपना रहा है। यह कदम केवल अमेरिका के खिलाफ नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए यह संदेश है कि भारत अब अपनी शर्तों पर वैश्विक साझेदारी तय करेगा। सामरिक समीकरणों पर असर भारत–अमेरिका सहयोग : इंडो–पैसिफिक में अमेरिका चाहता था कि भारत उसकी "एंटी–चाइना स्ट्रेटेजी" का स्थायी हिस्सा बने। लेकिन मौजूदा घटनाक्रम से यह सहयोग कमजोर पड़ सकता है। भारत–रूस संबंध : रूस से ऊर्जा खरीद अब केवल एक आर्थिक विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक संकल्प बन चुकी है। अमेरिका के दबाव से उल्टा भारत और रूस का रिश्ता और गहरा हो रहा है। भारत–चीन समीकरण : मोदी की हालिया चीन यात्रा को इसी दृष्टि से देखा जा रहा है।

## कटाक्ष — हसन जैदी




# मानवीय अत्याचारों से रौद्र रूप दिखा रही प्रकृति



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खामियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। उत्तराखंड के धराली प्रलय से पहले भूस्खलन का औसत 250 था, जो 2023 तक 1600 से अधिक हो गया। इतना गुना भूस्खलन क्यों और कैसे बढ़े? पहाड़ इतनी मात्रा में क्यों टूटने लगे हैं? इस सवाल का जवाब न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने दिया है।**

वनों की कटाई, प्रदूषण और औद्योगीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन प्रकृति की सेहत को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है, नतीजतन जलवायु परिवर्तन, चरम मौसम की घटनाएं, बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि जैसे गंभीर दृश्य सामने आ रहे हैं। प्रकृति अपना रौद्र रूप इन पर्यावरणीय क्षतियों और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखाती है, जो मानव निर्मित हैं। विडंबना यह है कि प्रकृति के सख्त संदेशों की भी हम लगातार अनदेखी कर रहे हैं। देवभूमि उत्तराखण्ड के धाराली में प्रकृति ने जो रौद्र रूप दिखाया वो देश दुनिया ने देखा है। ताजा संदर्भ जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से 40 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। जम्मू संभाग में 2014 के बाद फिर ऐसी जल तबाही देखने को मिली है। चारों ओर भारी क्षति हुई है। जम्मू संभाग की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है। प्रकृति बार बार संकेत दे रही है। और हम बारंबार गलती को सुधारने की बजाय प्रकृति से छेड़छाड़ और उसके दोहन में लगे हुए हैं। उत्तरकाशी के जिस धराली गांव में बादल फटने और फिर तीव्र वेग के जल-प्रलय की आपदा आई है, ऐसी आपदाएं 1864, 2013 और 2014 में भी आ चुकी हैं। आखिर पहाड़ इतने खौफनाक और खतरनाक क्यों होते जा रहे हैं? क्या पहाड़ में आवास दूभर हो गया है? लगातार भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं क्यों बढ़ती जा रही हैं? क्या हिमालय पर्वत के हिस्से भी दरकने और बड़े-बड़े पत्थरों के रूप में गिरने लगे हैं? इन घटनाओं और आपदाओं में बारिश और बादल फटने की घटनाएं 'कुदरत का कहर' मानी जा सकती हैं। इसके अलावा घर, दुकान, मंदिर, इमारतें, होटल आदि का जमींदोज होना, नतीजतन मौत के आंकड़े बढ़ते रहने की आपदाएं 'मानव-निर्मित' हैं। विकास के नाम पर पहाड़ खोदे जा रहे हैं। पहाड़ों को चीरकर सुरंगें बनाई जा रही हैं। रेल की पटरी बिछाई जा रही है। नदी-नालों के किनारे अथवा उन्हीं के भीतर होटल, रिजॉर्ट की बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। उत्तराखंड में ही जिस 50 हजार वर्ग हेक्टेयर में जंगलात थे, अब वहां पक्की इमारतें चिन दी गई हैं। मौजूदा उत्तरकाशी के प्रलय में धराली गांव ही बह कर मिट्टी-मलबा हो गया। इस वर्ष पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को डरा दिया है। बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? वास्तव में, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खामियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। उत्तराखंड के धराली प्रलय से पहले भूस्खलन का औसत 250 था, जो 2023 तक 1600 से अधिक हो गया। इतना गुना भूस्खलन क्यों और कैसे बढ़े? पहाड़ इतनी मात्रा में क्यों टूटने लगे हैं? इस सवाल का जवाब न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने दिया है। कुछ उच्चाधिकार प्राप्त समितियां जरूर बनाई जाती रही हैं, लेकिन वे विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के सुझावों को नकारती रही हैं। मसलन-वैज्ञानिकों के सवाल हैं कि पहाड़ों में 'फोरलेन सडक़' बनाना क्यों जरूरी है? दो लेन की सडक़ें पर्याप्त और सहज हैं। ऐसे निर्माण दिखावटी विकास तो हैं, लेकिन विनाश और मौत के अंधे कुएं भी तैयार कर रहे हैं। केदारनाथ प्रलय के बाद रडार लगाने की बात सामने आई थी, ताकि बादल फटने और जल-प्रलय के पूर्व संकेत मिल सकें। उनका क्या हुआ? उत्तरकाशी प्रलय के कुछ भी संकेत क्यों नहीं मिल सके। मात्र 34 सेकंड में बहुत कुछ मलबा हो गया। हिमालयी क्षेत्र के लिए 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'जलवायु परिवर्तन' भी खतरनाक स्थितियां हैं। उनसे एक अलग स्तर पर लड़ने की जरूरत है। आपदा के लिहाज से धराली 'टाइम बम' पर बैठा माना जाता रहा है, लेकिन इसे कहीं और शिफ्ट नहीं किया गया। वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती का कहना है कि धराली ट्रांस हिमालय (4000 मीटर से ऊपर) में मौजूद मेन सेंट्रल थ्रस्ट है। यह एक दरार होती है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। यह भूकंप का अति संवेदनशील क्षेत्र भी है। इस खतरे को समझना होगा। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है। जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके। निस्संदेह, प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिये वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। उनकी राय और सलाह नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगी। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिये काम करना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना समय की जरूरत है। निस्संदेह, खतरे के जरा से भी संकेत मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में तनिक भी देरी नहीं की जानी चाहिए। साथ ही प्रभावित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को आपस में मिलकर प्राकृतिक आपदाओं से जुड़ी जानकारी परस्पर साझा करनी चाहिए। वहीं पर्यावरण अनुकूल उपायों को भी बढ़ावा देना चाहिए। प्रकृति अपने रौद्र रूप में मानव को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व बनाए रखने और पर्यावरण के विनाश से रोकने के लिए प्रेरित करती है। यह मानव निर्मित आपदाएं दर्शाती हैं कि प्रकृति का दोहन करने पर उसके परिणाम कितने विनाशकारी हो सकते हैं। निस्संदेह, दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे–
vishwavarta.response@gmail.com

# वैष्णो देवी भूस्खलन हादसा बेकसूर श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौतें एक त्रासदी ?



नरेन्द्र भारती

बेरहम बरसात कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बहुत मानवीय तबाही कर रही है। लाशों के अंबार लग रहे है लाशों को ढांपने के लिए कफन भी कम पड़ रहे हैं।प्रकृति ने भटक चुके मानव को सबक सीखा दिया है। देश में भूस्खलन की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। हिमाचल व उतराखंड तबाही का दंश झेल रहे है।प्रकृति ने यहां तबाही की जो इबारत लिखी है उसे देखकर आत्मा सिहर उठती है। चारों तरफ तबाही का मंजर नजर हो चुका है।अभी इन दोनो राज्यों में तबाही रुकी भी नहीं थी कि प्रकृति ने जम्मू में नई इबारत लिख दी हैं। जम्मू के कटड़ा स्थित वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन होने से चौतीस श्रध्दालुओं की दर्दनाक मौत हो गई और काफी लोग घायल हो गए। मंगलवार को करीब तीन बजे अर्धकुवारी स्थित इन्द्रप्रस्थ भोजनालय पर पत्थर,चटटानें गिरने लगी इसकी चपेट में बहुत लोग आ गए और बेमोत मारे गए। भूस्खलन में अभी काफी लोग दबे हुए हैं बचाव दल अपना काम कर रहा है। 2025 की बरसात बहुत बेरहम हो चुकी है हर जगह लाशों के ढेर लगा रही हे। शहर दर शहर डूब चूके है।जम्मू के किश्तवाड़,कठुआ और रियासी जिलों में पिछले बारह दिनों में एक सौ छतीस लोगों की मौत हो गई मरने वालों मे एक सौ उनतीस तीर्थयात्री शामिल है।श्रध्दालुओं ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी ऐसी दर्दनाक मौत होगी ।पल भर में जिन्दा लोग लाशों में तब्दील हो गए चारों तरफ चीखो पुकार मच गई बेकसूर श्रध्दालू बदहवाश होकर अपनों को तलाश रहे थे लेकिन उनके अपने लाश बन चुके थे। मलबे में लाशें दब चुकी हैं वैष्णो देवी में प्रकृति का रोद्र तांडव एक बहुत ही दुखद त्रासदी है।प्रकृति के प्रलय से असमय व अकाल ही निर्दोष लोगों को मौत नसीब हो रही है।आपदा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। हिमाचल प्रदेश,



उतराखंड व जम्मू में प्रकृति ने बहुत तबाही मचा दी है यहां हजारों लोग बेघर हो गए और सैंकडों लोग बेमोत मारे जा चुके हैं। बाढ़ में बह चुके लोंगों की लाशें नहीं मिल रही हैं। बरसात ने गांव के गांव तबाह कर दिए आलिशान आशियाने मिटटी में मिला दिए चंद मिनटों में सब जमीदोज हो गया। देश में कभी भूकंप कभी सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती रहती है तो कभी बाढ का रौद्र रुप जिंदगियां लीलता है।कहते हैं कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं।देश के हर राज्य में बतसात का कहर बरप रहा है। प्रतिवर्ष लाखों लोग आपदा का दंश झेल रहे हैं।हादसों में लोग अपंग हो रहे हैं बच्चे अनाथ होते जा रहे है।प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करनी होगी तभी इन हादसों पर रोक लग सकती है। अगर अब भी प्रकृति से खिलवाड़ बंद नहीं किया तो मानव को ऐसी सजाएं मिलती रहेगी। आपदाओं से सबक सीखना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य को सुरि़क्षत किया जा सके। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है लेकिन ऐसी त्रासदियां रुकती नहीं हैं। प्रकृति के इस विनाशकारी विभिषिका से बहुत मानवीय तबाही हो रही हैं। परिवार के परिवार उजड़ गए हैं। देश के हर गांव व शहर में बरसात का कहर बरपता जा रहा है। प्रकृति ने मानव को समय समय पर आगाह किया लेकिन आधुनिक मानव मनमानी कर रहा है ओर असमय ही काल के गाल में समाता जा रहा है। मानव को इन त्रासदियों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। सर्तकता बरतनी चाहिए कुदरत से छेड़छाड़ पूर्ण रुप से बंद करनी होगी तभी इन हादसों पर रोक लग सकती है। समय अभी संभलने का है।

## कविता



मनीषा सिंह

### मेघ बरसे

मेघ बरस धरती को सींचे,
मनवा सीचें ना कोय।
जो सींचे अपने मनवा को,
सूखा काहे को होय।
मेघ बरसते धरती प्लावित,
शांत हो गई प्यास धरा की।
फिर सारा जल बह जाता है,
बिना किसी जल संचय के,
मेघ बरसते
जल मग्न धरा है।
थाम नहीं पाते जल को,
बह जाता है सारा नीर।
कहां समाए इस जल को,
जो बह जाता खारे सागर में।
रुक जा जल इसी धरा में,
प्यासा है सारा जल जीवन।
मेघ बरस धरती को सींचे,
रोक जरा इस जल को।
पोखर और तालाबों में,
धरती के वर्षा जल को,
मेघ बरस, बरस में आते
धरती प्यासी रह जायेगी।
मेघ बरस धरती को सींचे।

# बिहार में प्रशांत किशोर की राह कितनी आसान व कितनी कठिन



क्रांति कुमार पाठक

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी तैयारियां जोरों से शुरू कर चुकी हैं। वहीं तीन साल पहले दो अक्तूबर को गांधी जयंती के दिन पश्चिमी चंपारण जिले के भितिहरवा से पदयात्रा की शुरुआत करने वाले चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का अभियान जन सुराज व्यवस्था परिवर्तन की प्रतिबद्धता व अगले दस वर्षों में बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में पहुंचाने के संकल्प के साथ अंततः एक राजनीतिक दल में परिवर्तित हो गया। अच्छी सोच, अच्छे लोग और सामूहिक प्रयास के सहारे बदलाव की आकांक्षा रखने वाले प्रशांत किशोर बिहार के 17 जिलों के 5,500 गांवों की अपनी पांच हजार किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान राजनीति को जिम्मेदार बनाने का संदेश लोगों को देते रहे। इस दौरान उन्होंने आम जनों को यह समझाने की भरपूर कोशिश की कि राजनीतिक दलों की रीति-नीति ही राज्य की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है। अपने खुद के 'जन सुराज' को एक राजनीतिक दल घोषित करने के मौके पर प्रशांत किशोर 'जय बिहार' से अपनी बात की शुरुआत करते हुए बिहारियत का स्वाभिमान जगाने की कोशिश की और व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जुटी भीड़ को दिए संबोधन में उन्होंने लालू यादव, नीतीश कुमार के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी लपेटे में लिया। बिहार की दुखती रग, खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की चर्चा करते हुए अपना चुनावी एजेंडा साफ कर दिया था। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'चाय पर चर्चा' से लेकर 'बिहार में बहार है, नीतीशे कुमार है' का नारा देने वाले प्रशांत किशोर बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। हैदराबाद के संस्थान से तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे यूनिसेफ से जुड़ गए। दक्षिण अफ्रीका में भी काम किया, फिर 2010 में भारत लौटे। वाइब्रेंट गुजरात और चाय पर चर्चा जैसे कैंपेन से उनकी देशभर में पहचान बन गई। 2015 में वह नीतीश कुमार से जुड़े और फिर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और जदयू के महागठबंधन को जीत दिलाकर जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। लेकिन, एनआरसी और सीएए के मुद्दे पर विवाद के बाद पार्टी से अलग हो गए। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, आंध्र प्रदेश के जगनमोहन रेड्डी और स्टालिन से लेकर ममता बनर्जी के लिए भी पर्दे के पीछे रहकर चुनावी रणनीति को अंजाम दिया। आखिरकार, उन्होंने बिहार में नई राजनीतिक व्यवस्था बनाने की सोच के साथ उसी ऐतिहासिक गांधी आश्रम से पदयात्रा की शुरुआत की, जहां से 1917 में महात्मा गांधी ने पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। रणनीतिकार होने के नाते सभी पार्टियों की कमजोरी समझने वाले प्रशांत किशोर का सब कुछ सुनियोजित था। अपनी पदयात्रा के दौरान भी वे उन मुद्दों को ही उठाते रहे। उनकी परिकल्पना ऐसा बिहार बनाने की है, जहां दूसरे राज्यों से लोग रोजगार की तलाश में आएं। उन्होंने पूंजी, पढ़ाई और जमीन के जरिए गरीबी उन्मूलन का प्लान बताया। प्रशांत किशोर ने अपने राजनीतिक एजेंडे में सबसे ऊपर बच्चों और किशोरों को रखा है। इनके लिए ऐसी विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था की जाएगी, जिससे बड़े होकर वे बोझ न बन सकें। इस शिक्षा व्यवस्था के लिए अगले दस सालों में पांच लाख करोड़ की जरूरत पड़ेगी, जिसे वे शराबबंदी समाप्त कर उससे आने वाले राजस्व से जुटाएंगे। इसके बाद 15 से 50 वर्ष के लोगों के लिए उनकी पार्टी राज्य में ही 10-12 हजार रुपये के रोजगार की व्यवस्था करेगी और इसके लिए आवश्यक धन वे साख-जमा अनुपात (क्रेडिट रेशियो) को संतुलित कर जुटाएंगे। इसी तरह 60 साल से ऊपर के लोगों को प्रति माह दो हजार रुपये देने की व्यवस्था करेंगे। महिलाओं को रोजगार के लिए चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर ऋण देने की बात कही है। प्रशांत किशोर के इन रणनीतियों का ही नतीजा रहा कि नीतीश कुमार को वृद्धावस्था पेंशन 400 से बढ़ाकर 11 सौ रुपए करना पड़ा। इतना ही नहीं महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा करनी पड़ गई। प्रशांत किशोर ने किसानों के लिए खाने वाली नहीं, कमाने वाली खेती की बात कही है। साथ ही वह यह भी कह रहे हैं कि सत्ता में आने पर दस साल में बिहार को विकसित करने की कल्पना को साकार करने के लिए वे धन की व्यवस्था कैसे करेंगे। हालांकि प्रशांत किशोर अपनी सभाओं में पहले भी लोगों को उनके बच्चों के भविष्य का वास्ता देते रहे। वे कहते रहे हैं कि भले ही आधा प्लेट खाइए, लेकिन बच्चों को पढ़ाइए। अगर वे अनपढ़ रहेंगे तो चाहे लालू हों या नीतीश, कोई उन्हें डॉक्टर-इंजीनियर नहीं बना पाएगा।वे मजदूर ही बन पाएंगे। इसलिए जन सुराज का नारा भी है- बिहार ने कर ली तैयारी, अपने बच्चों की है तैयारी।₹ सरकारी आंकड़ों के अनुसार बिहार की कुल आबादी का 22.67 फीसदी हिस्सा पहली से पांचवीं क्लास तक ही पढ़ सका है, वहीं 32 फीसदी ने तो स्कूल का मुंह ही नहीं देखा है। 2023 में लोकसभा में पेश आंकड़ों के मुताबिक बिहार की साक्षरता दर मात्र 61.8 फीसदी है। इसी तरह नेशनल सर्विस करियर (एनसीएस) के आंकड़ों के अनुसार राज्य में बेरोजगार युवाओं की संख्या लगभग 9.2 लाख है। अब सवाल उठता है कि बिहार में जहां हर बात जाति से शुरू होती है, वहां लोग क्या इससे इतर प्रशांत किशोर की बातों पर यकीन करेंगे। वाकई, यह एक यक्ष प्रश्न है। इसका अंदाजा उन्हें भी है। इसलिए तो उन्होंने दलित समाज के रिटायर्ड आइएफएस (भारतीय विदेश सेवा) अधिकारी मनोज भारती को जन सुराज पार्टी का पहला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया और साथ ही यह भी घोषणा कर दी कि उनकी पार्टी के झंडे में महात्मा गांधी के साथ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का चित्र भी होगा। उन्होंने पहले भी इस बात माना है कि बिहार में जाति एक सच्चाई है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। किंतु हर समाज में योग्य लोग हैं और वे किसी न किसी जाति के हैं। लेकिन जन सुराज में किसी भी स्तर पर केवल जाति ही नहीं, काबिलियत का भी ख्याल रखा जाएगा। मोटे तौर पर समाज को पांच वर्गों में देखा जाता है- पहला सामान्य, दूसरा ओबीसी, तीसरा ईबीसी, चौथा अनुसूचित जाति और पांचवां मुस्लिम समाज। ऐसे में इन्हें लुभाने के लिए जन सुराज के किसी भी पद पर पहली बार कौन नेतृत्व करेगा, इसका भी फॉर्मूला तय किया गया है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्तर पर जो सबसे पीछे है, उस समाज के व्यक्ति को सबसे पहला मौका मिलेगा। यह सब जन सुराज के संविधान में दर्ज किया गया है। प्रशांत किशोर बिहार के ऐसे पहले नेता हैं, जो शराबबंदी हटाने और उसे चुनाव का एजेंडा बनाने की बात कह रहे। राज्य में शराबबंदी की घोषणा के बाद दो आम चुनाव तथा एक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, लेकिन कोई इसे हटाने की बात कहने का साहस नहीं कर सका। हां, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी इसके लागू किए जाने के तरीके पर एतराज करते रहे, यह कहते रहे कि इससे गरीब-गुरबा परेशान है, वही जेल जा रहा है, लेकिन उन्होंने भी इसे हटाने की बात कभी नहीं कही। जन सुराज का मानना रहा है कि इस पर लगे उत्पाद शुल्क से मिले राजस्व का इस्तेमाल शिक्षा व्यवस्था सुधारने पर किया जा सकता है।



सरकारी आंकड़ों के मुताबिक एक अप्रैल, 2016 को राज्य में शराबबंदी लागू होने के पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 में राज्य को शराब से 3,141 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था, जो उसके अगले वित्तीय वर्ष में घट कर महज 29 करोड़ रह गया। अब हाल यह है कि इसे लागू करने के लिए राज्य सरकार उत्पाद विभाग पर 600 करोड़ खर्च कर रही है। प्रशांत किशोर का मानना है कि बिहार का अगला चुनाव थ्री-एस, यानि शराबबंदी, सर्वे और स्मार्ट मीटर पर लड़ा जाएगा। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कई बार कहा कि शराबबंदी सिर्फ कागजों पर है। जमीनी हकीकत है कि उसकी होम डिलीवरी हो रही है। एक घातक समानांतर अर्थतंत्र खड़ा हो गया है। वहीं, उनका कहना है कि जमीन सर्वे से गांवों में झगड़े हो रहे हैं। कागजात जुटाने के नाम पर लोग परेशान हैं। सर्वे के वर्तमान प्रावधान से परिवारों में विद्रोह शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की तरह प्रशांत किशोर भी स्मार्ट मीटर के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी से लोगों में धारणा बन गई है कि इस मीटर के जरिए उनके बिलों से छेड़छाड़ की जा रही है। यही वजह रही कि नीतीश कुमार को बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री करनी पड़ी। प्रशांत किशोर के चुनावी एजेंडे को देखा जाए तो साफ है कि शिक्षा, रोजगार और शराबबंदी उनकी प्राथमिकता में है। इसमें कोई दो राय नहीं कि व्यक्ति किसी भी जाति का हो, रोजगार नहीं मिलने पर वह मजबूर होकर बिहार से पलायन कर जाता है। इसकी भयावहता पूरी दुनिया कोविड काल में देख चुकी है। हालांकि सभी दलों का अपना-अपना वोट बैंक है, जो चक्रव्यूह की तरह ही है। प्रशांत किशोर को सबसे पहले उसे तोड़ना होगा। एक दलित को आगे कर उन्होंने इसकी शुरुआत कर भी दी है। मुस्लिम फैक्टर भी अहम है। फिर जिस शराबबंदी की वे खिलाफत कर रहे, उसके समर्थन में एक पूरी लॉबी है, जिसकी जेब में अवैध धन जा रहा है और यह सबको पता है। यह लॉबी उन्हें हर हाल में उन्हें रोकने का प्रयास करेगी।" इसमें दो राय नहीं कि लालू यादव के बाद नीतीश कुमार को देखते हुए अब काफी अरसा बीत गया है और लोग विकल्प मिलने पर बदलाव की चाहत रखते हैं। हालांकि प्रशांत किशोर के दावे भले ही बड़े-बड़े लग रहे हों, लेकिन जो मुद्दे वे उठा रहे, वे समीचीन तो हैं ही। लेकिन लोगों का उन पर कितना भरोसा होता है इसकी झलक आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिल ही जाएगी।

## एक नजर

### रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट

टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में फिटनेस टेस्ट होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई के इस स्टार खिलाड़ी को यो-यो टेस्ट के अलावा ब्रोंको टेस्ट से भी देना होगा। वह दो-तीन दिन तक CoE में रहेंगे। इस दौरान रोहित नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की तैयारी के लिए यहीं प्रैक्टिस करेंगे। 11 से 15 सितंबर तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-1 पर दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इसलिए रोहित का फिटनेस टेस्ट सेंटर के एक अलग मैदान पर होगा।

### राजीव शुक्ला BCCI के कार्यवाहक अध्यक्ष बने

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी ने BCCI अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले, 65 साल के शुक्ला BCCI के वाइस प्रेसिडेंट थे। हाल ही में BCCI सूत्रों ने PTI को बताया था, मौजूदा प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी जुलाई महीने में 70 साल के हो जाएंगे। BCCI के नियम के अनुसार, किसी भी पदाधिकारी को 70 साल की उम्र के बाद अपना पद छोड़ना होगा। बिन्नी ने 2022 में सौरव गांगुली की जगह बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला था। वे 19 जुलाई को 70 साल के हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजीव शुक्ला कुछ महीनों के लिए कार्यभार संभालेंगे। वो नए अध्यक्ष चुने जाने तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। शुक्ला साल 2020 से BCCI के वाइस प्रेसिडेंट के पद पर काम कर रहे हैं।

### दलीप ट्रॉफी- ईस्ट जोन 230 रन पर ऑलआउट

भारत के घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत गुरुवार से दलीप ट्रॉफी के साथ हुई। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नॉर्थ जोन के सामने ईस्ट जोन है, वहीं सेंट्रल जोन का सामना नॉर्थ ईस्ट जोन से हो रहा है। दूसरे दिन ईस्ट जोन की पहली पारी 230 रन पर सिमट गई। नॉर्थ जोन से बॉलर आकिब नबी ने 4 बॉल लगातार 4 विकेट लिए। टीम नॉर्थ जोन के स्कोर 405 रन से 175 रन पीछे रह गई। ईस्ट जोन से विराट सिंह ने फिफ्टी लगाई। नॉर्थ जोन से आकिब नबी ने 5 विकेट लिए। पहली पारी में नॉर्थ जोन के लिए कन्हैया वधावन (76) और आयुष बडोनी (63) ने अर्धशतक लगाए थे। ईस्ट जोन से मनीषी ने 6 विकेट चटकाए। एक अन्य मैच में सेंट्रल जोन ने 432/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 532/4 के स्कोर पर पारी घोषित की। टीम के लिए दानिश मालेवार 203 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। स्टंप्स तक पहली पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन ने 7 विकेट खोकर 168 रन बना लिए हैं। टीम अभी 364 रन पीछे हैं। नॉर्थ ईस्ट जोन से करनजीत युमनाम ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए।

### प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन आज से शुरू

भारत का दूसरा सबसे बड़ा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट प्रो कबड्डी लीग (PKL) आज से शुरू हो रहा है। 12वें सीजन की शुरुआत नेशनल स्पोर्ट्स डे पर हो रही है। आज ही के दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था, जिन्हें याद करने के लिए भारत सरकार ने उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया। 2014 में प्रो कबड्डी लीग शुरू हुई थी, तब टूर्नामेंट में महज 8 टीमें थीं। खेल की लोकप्रियता ने इसे दर्शकों का पसंदीदा बना दिया, अब 12वें सीजन में 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट भी बहुत कॉम्पिटिटिव है, जहां 11 सीजन में 8 अलग-अलग टीमें चैंपियन बन चुकी हैं। केवल 2 टीमें 1 से ज्यादा बार ट्रॉफी उठा सकीं।

# हॉकी एशिया कप में भारत ने पहला मैच जीता

## चीन को 4-3 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने हैट्रिक लगाई, जुगराज के नाम एक गोल





कप्तान हरमनप्रीत प्लेयर ऑफ द मैच बने






एजेंसी

**स्पोटर्स डेस्क।** हॉकी एशिया कप 2025 में मेजबान भारत ने अपना पहला मैच जीत लिया है। बिहार के राजगीर में खेले गए पूल-ए के मुकाबले में भारत ने चीन को 4-3 से हराया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। उन्होंने मैच के 20वें, 33वें और 47वें मिनट में गोल दागे। भारत के लिए पहला गोल दूसरे क्वार्टर में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया था। चीन से दू शिहाओ ने पहला, चेन बेन्हाई ने दूसरा और गाओ जीशेंग ने तीसरा गोल किया। मैच के सभी 7 गोल पेनल्टी कॉर्नर पे आए हैं।

**चीन ने मैच का पहला गोल किया**

मैच की शुरुआत से ही भारत ने अटैकिंग खेल दिखाया। टीम को 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय खिलाड़ी उसे गोल में तब्दील नहीं कर पाए। हालांकि चीन ने 13वें मिनट में मैच का पहला गोल कर दिया। दु शिहाओ ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार लो ड्रैग-फ्लिक लगाते हुए यह गोल किया। गेंद भारतीय डिफेंडर की स्टिक से लगकर गोल पोस्ट के अंदर चली गई।

भारत को दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला। 18वें मिनट में जुगराज सिंह ने शानदार ड्रैग-फ्लिक लगाकर गोल दाग दिया। इसके 2 मिनट बाद ही एक और अटैक पर भारत ने दूसरा गोल कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार ड्रैग-फ्लिक लगाकर भारत को बढ़त दिला दी।

मैच के 33वें मिनट में दाहिनी विंग पर राजिंदर सिंह ने शानदार मूव बनाया और भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस बार इंजेक्शन पर हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह दोनों ही तैयार थे।कप्तान हरमनप्रीत ने शॉट लगाया, गेंद सीधे चीनी गोलकीपर से टकराई और रिबाउंड होकर गोलपोस्ट के अंदर चली गई। यह कप्तान हरमनप्रीत का दूसरा गोल था। यहां टीम की बढ़त 3-1 हो गई। तीसरे क्वार्टर में चीन ने शानदार खेल दिखाया। टीम ने आक्रामक हॉकी खेली, मौके बनाए और गोल में बदल दिए। भारत की डिफेंस और गोलकीपिंग यहां कमजोर साबित हुई। इस क्वार्टर में चीन ने 2 गोल दागे। मैच के 39वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक का मौका मिला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जोरदार शॉट लगाया, लेकिन गेंद सीधा पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गई। भारत अपनी बढ़त बढ़ाने से चूक गया। 42वें मिनट में चीन को लगातार पेनल्टी कॉर्नर (PC) मिले। पहली कोशिश में भारतीय रशर के पैर से गेंद लगी और एक और PC मिल गया। दूसरी बार गाओ जिएशेंग ने जोरदार ड्रैग-फ्लिक मारा, गेंद भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक के पैर से टकराकर गोल में चली गई।

**जापान ने काजिकस्तान को 7-0 से हराया**

भारत और चीन मैच से पहले राजगीर में 3 मैच खेले गए। जापान ने कजाकिस्तान को 7-0 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, कोरिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 7-0 से मात दी। दिन के एक और मैच में मलेशिया ने बांग्लादेश को 4-1 से हराकर विजयी शुरुआत की।

## नीरज ने डायमंड लीग फाइनल में लगातार तीसरा सिल्वर जीता



एजेंसी

स्पोटर्स डेस्क।नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल 2025 में दूसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा का डायमंड लीग में लगातार तीसरा सिल्वर मेडल है। उन्होंने 85 .01 मीटर का थ्रो किया।स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर के लेट्जिग्रुंड स्टेडियम में गुरुवार को हुए फाइनल में जर्मनी के जूलियन वेबर ने शानदार 91 .51 मीटर का थ्रो कर गोल्ड जीता। वहीं, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने 84 .95 मीटर के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया।नीरज ने पहले प्रयास में 84 .35 मीटर थ्रो किया। इसके बाद दूसरा थ्रो 82 मीटर रहा। इसके बाद उन्होंने लगातार तीन बार फाउल किया। आखिर में नीरज ने 85 .01 मीटर का थ्रो किया और दूसरे नंबर पर रहे।इससे पहले नीरज तीन साल पहले, यानी 2022 में इसी स्टेडियम में डायमंड लीग के फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे। वहीं, 2023 और 2024 में उन्हें उपविजेता बनकर ही संतोष करना पड़ा था। मौजूदा सीजन में उन्होंने 7 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिनमें 4 बार जीत दर्ज की और तीन बार उपविजेता रहे हैं। मैच के बाद नीरज ने कहा- आज का दिन थोड़ा मुश्किल था

मैच के बाद नीरज ने अपने प्रदर्शन पर कहा, 'आज का दिन थोड़ा मुश्किल था। खेल में हमेशा कुछ कठिन दिन आते हैं, और आज ऐसा ही था। फिर भी, मैंने आखिरी थ्रो में 85 मीटर से ज्यादा की दूरी हासिल की। आज मेरा रन-अप और टाइमिंग सही नहीं थी। मुझे कुछ कमी महसूस हुई, लेकिन विश्व चैंपियनशिप के लिए अभी तीन हफ्ते बाकी हैं। मैं अपनी टाइमिंग को बेहतर करने की पूरी कोशिश करूंगा।'

**डायमंड लीग 2025 में नीरज का प्रदर्शन**

दोहा डायमंड लीग- इस सीजन की बात करें तो नीरज के लिए शुरुआत धमाकेदार अंदाज में हुई थी। मई में उन्होंने दोहा में 90 .23 मीटर का थ्रो कर पहली बार 90 मीटर से ज्यादा दूरी का थ्रो किया था। उन्होंने पहले प्रयास में 88 .44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में अपने करियर का बेस्ट थ्रो किया।

# AI के लिए गूगल और मेटा से पार्टनरशिप करेगी रिलायंस

## मुकेश अंबानी ने एनुअल मीटिंग में बताया, अगले साल जून तक जियो का IPO आएगा

**मंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं सालाना आम बैठक में इसके चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जियो के IPO लाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा ये आईपीओ अगले साल जून तक आएगा। यह IPO ग्लोबल स्तर पर शेयरहोल्डर्स के लिए वैल्यू अनलॉक करेगा।

इसके अलावा AGM में तीन अन्य बड़े ऐलान भी किए गए। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट बिजनेस रिलायंस इंडस्ट्रीज की डायरेक्ट सब्सिडियरी बनेगा। वहीं सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस बनाने का ऐलान किया गया। AI के लिए मेटा और गूगल के साथ पार्टनरशिप भी की है।

रिलायंस जियो ने अपने हाई-परफॉर्मेंस पर्सनल कंप्यूटरों की लॉन्चिंग की घोषणा की। ये टीवी या किसी अन्य स्क्रीन को एक AI-रेडी सिस्टम में बदलने में सक्षम हैं। यह डिवाइस यूजर्स को डेस्कटॉप या लैपटॉप खरीदे बिना



एडवांस्ड कंप्यूटिंग सर्विसेज तक पहुंचने की सुविधा देता है।

जियो सेट-टॉप बॉक्स के साथ कीबोर्ड जोड़कर, ग्राहक अपने टीवी को एक पीसी में बदल सकते हैं, जो सीधे जियो के क्लाउड सर्वर से चलता है। यह मॉडल स्टोरेज और कंप्यूटिंग पावर को रिमोटली स्केल करने की सुविधा देता है, जिससे हार्डवेयर अपग्रेड की जरूरत खत्म होगी। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड यानी, जियो की शुरुआत 2016 में हुई थी। कंपनी की शुरुआत ने भारत के डिजिटल नेटवर्किंग सिस्टम बड़ा सपोर्ट दिया। जियो भारत में सबसे बड़ा मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर होने के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम ऑपरेटर भी है।

फ्री डेटा और कॉलिंग ऑफर के जियो के प्लान से एयरटेल और वोडाफोन जैसे बड़े प्लेयर्स को टक्कर मिली। कंपनी ने 4G सर्विसेज के साथ शुरुआत की और 2022 के अंत तक 5G भी देना शुरू कर दिया। आज जियो 6G टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। मुकेश अंबानी ने कहा- मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने अपने पुराने साथी गूगल के साथ मिलकर AI के क्षेत्र में एक गहरी और व्यापक साझेदारी की है। इस पार्टनरशिप के जरिए, हम रिलायंस की भारत-व्यापी काम करने की ताकत और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की क्षमता को गूगल की क्लाउड और AI टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ रहे हैं।

# सेंसेक्स 271 अंक गिरकर 79,810 पर बंद :निफ्टी 74 अंक लुढ़का

**मंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 29 अगस्त को सेंसेक्स 271 अंक गिरकर 79,810 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 74 अंक की गिरावट रही, ये 24,427 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। ITC और BEL सहित 6 शेयर्स 2% तक चढ़कर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस और इंफोसिस के शेयरों में 3% तक की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में 23 शेयरों में तेजी है, जबकि 27 नीचे बंद हुए। NSE के रियल्टी, ऑटो और ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा गिरावट है। FMCG और मीडिया इंडेक्स में तेजी रही।

**ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार-** एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.26% नीचे 42,718 पर और कोरिया का कोस्पी 0.32% गिरकर 3,186 पर बंद हुआ।




हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.32% ऊपर 25,183 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37% चढ़कर 3,858 पर बंद हुआ। 28 अगस्त को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.16% चढ़कर 45,637 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.53% और S&P 500 में 0.32% तेजी रही। 26 अगस्त को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने कैश सेगमेंट में 3,856.51 करोड़ के शेयर्स बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 6,920.34 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।

# भारत के निर्यात में अमेरिका की 20% हिस्सेदारी

## GST सुधार से अमेरिकी टैरिफ का असर कम होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कल की बड़ी खबर टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़ी रही। सरकार ने कपास (कॉटन) के ड्यूटी-फ्री आयात को तीन महीने और बढ़ा दिया है। अब टेक्सटाइल कारोबारी 31 दिसंबर तक बिना इंपोर्ट ड्यूटी के बाहर से कॉटन मंगा सकेंगे। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक के लिए इसकी छूट दी थी।

वहीं ऑनलाइन गेमिंग कंपनी A23 की याचिका पर कर्नाटक हाई कोर्ट 30 अगस्त को सुनवाई करेगा। इस याचिका में भारत में ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूरी तरह बैन लगाने वाले नए कानून को चुनौती दी गई है। सरकार ने कपास (कॉटन) के ड्यूटी-फ्री आयात को तीन महीने और बढ़ा दिया है। अब टेक्सटाइल कारोबारी 31 दिसंबर तक बिना इंपोर्ट ड्यूटी के बाहर से कॉटन मंगा सकेंगे।



इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक के लिए इसकी छूट दी थी। टेक्सटाइल कारोबारियों को 50% अमेरिकी टैरिफ के बोझ से राहत देने के लिए यह फैसला लिया गया है। भारत दुनियाभर में कुल 38 लाख करोड़ के प्रोडक्ट्स निर्यात करता है। इसमें से 20% सामान अमेरिका में बिकते हैं। केंद्र सरकार के मुताबिक भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद करीब 4.22 लाख करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट प्रभावित होगा।

**रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आया**

भारतीय रुपया शुक्रवार (29 अगस्त) को पहली बार 88 रुपए प्रति डॉलर के ऑल टाइम लो पर आ गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत पर अमेरिका के टैरिफ की वजह से रुपए में यह गिरावट आई है।

कारोबार के दौरान रुपया में आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब 64 पैसे की गिरावट देखने को मिली और ये 88.29 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

हालांकि, दोपहर 2:10 बजे तक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने डॉलर बेचकर रुपए को थोड़ा सहारा दिया और यह करीब 88.12 पर ट्रेड करने लगा। इससे पहले फरवरी में रुपया 87.95 प्रति डॉलर के ऑल टाइम लो पर आया था।

## मां के गहने बेचकर बनाई पहली फिल्म 'गदर' बनाने पर कहा गया 'गटर', 100 बार डिस्ट्रीब्यूटर्स के आगे हाथ-पैर जोड़े, फिर 800 करोड़ का रचा इतिहास



60 के दशक में उत्तर प्रदेश के मथुरा में महज 6-7 साल का बच्चा घर आने वाले बॉलीवुड स्टार्स के स्टारडम से प्रभावित होता है। उम्र इतनी छोटी कि उसे ये नहीं पता था कि उसके घर आने वाले लोग कौन हैं, लेकिन उन्हें देखने के लिए उमड़ने वाली भीड़ उसे आकर्षित करती थी। उनकी सिक्योरिटी में लगे पुलिस के बड़े ओहदे वाले अफसरों को देख उसे ताकत का एहसास होता था। बस छोटी सी उम्र में सोच लिया कि उसे इसी लाइन में जाना है, बिना जाने कि बॉलीवुड होता क्या है। उस बच्चे का गोल इतना क्लियर था कि 16-17 साल की उम्र में नामी डायरेक्टर, प्रोड्यूसर बलदेव राज चोपड़ा यानी कि बीआर चोपड़ा का असिस्टेंट बन गया। नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से आने वाले इस बच्चे ने महज 21 साल की उम्र में उस समय की सुपरस्टार हीरोइन राखी को लेकर अपनी पहली सुपरहिट फिल्म बना दी। उसके बाद इंडस्ट्री को बैक टु बैक सात हिट फिल्में दीं और वो सिलसिला आज तक जारी है। वो छोटा सा बच्चा आज बॉलीवुड का बड़ा और सक्सेसफुल नाम, डायरेक्टर अनिल शर्मा हैं। जिनकी एक्शन फिल्में देख दर्शकों में जोश आता है तो उनकी बनाई फैमिली ड्रामा फिल्म देख ऑडियंस रोने पर मजबूर हो जाती है। मेरा बचपन मथुरा की होली वाली गली में बीता। मेरे दादा जी पंडित डालचंद जोशी थे, जो एक प्रकांड पंडित थे। मेरे पिता कृष्णचंद शर्मा, जो एक कंपनी में काम करते थे, लेकिन बाद में फिल्म प्रोड्यूसर बने। मैं 6-7 साल का था, जब मेरे मन में सवाल आया कि रेडियो में गीत कैसे आते हैं? गलियों में अगर कोई गाना गाते गुजरता तो मेरी दिलचस्पी उसमें भी होती थी। फिर एक दिन मेरे घर में बहुत सारे लोग जमा हुए थे। घर के बाहर पूरा मथुरा उमड़ पड़ा था। घर पर तरह-तरह की चीजें लाईं जा रही थीं। उसमें डाइनिंग टेबल भी था। जो उस वक्त मथुरा में किसी के घर में नहीं होता था। फिर मुझे पता चला कि ये सारी तैयारियां और भीड़ एक महिला सेलिब्रेटी के लिए आई थीं। वो महिला सेलिब्रेटी गीता दत्त थीं।गीता दत्त मेरे दादा जी से मिलने आई थीं और लंबे समय तक मेरे घर पर रहीं। उनके साथ उनके तीन बच्चे भी थे। जो बिल्कुल फिल्मों जैसे कपड़े पहनते थे, अंग्रेजी में बात करते थे। उस वक्त मेरे दिमाग में था कि ये कौन लोग हैं। किस दुनिया से आए हैं।



## टेलर स्विफ्ट ने ट्रैविस केल्से से की सगाई

### इंटरनेट पर शाही अमेरिकी शादी का फैंस बेसब्री से कर रहे इंतज़ार

गायिका टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फ़ुटबॉलर ट्रैविस केल्से ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत पोस्ट में अपनी सगाई की घोषणा की। 2 .3 करोड़ लाइक्स और 15 लाख रीपोस्ट वाली इस पोस्ट ने सभी को बेहद खुश कर दिया। टेलर के प्रशंसक, जैसा कि वे खुद को प्यार से स्विफ्टीज़ कहते हैं, और गैर-स्विफ्टीज़ ने भी अपने सोशल मीडिया पेजों पर इस आईटी जोड़े के लिए अपनी खुशी व्यक्त की। 35 वर्षीय पॉप स्टार और कैनसस सिटी चीफ्स के टाइट एंड खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पर एक पटाखे वाले इमोजी के साथ लिखा: ₹आपके अंग्रेजी शिक्षक और आपके जिम शिक्षक शादी कर रहे हैं।₹ इसके साथ ही उन्होंने हरे-भरे फूलों से सजे अपने कई फोटो भी पोस्ट किए। पीपल के अनुसार, केल्से, जो तस्वीरों में घुटनों के बल बैठे दिखाई दे रहे हैं, ने न्यूयॉर्क शहर के डिज़ाइनर किंड्रेड ल्यूबेक ऑफ़ आर्टिफ़ेक्स फ़ाइन ज्वेलरी द्वारा बनाई गई अंगूठी पहनाकर प्रपोज़ किया। दोनों ने 26 अगस्त को अपनी सगाई की खबर की घोषणा की। या, जैसा कि उन्होंने एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा: ₹आपके अंग्रेजी शिक्षक और आपके जिम शिक्षक शादी कर रहे हैं। केल्से ने आर्टिफ़ेक्स फ़ाइन ज्वेलरी के किंड्रेड ल्यूबेक के साथ मिलकर अंगूठी डिज़ाइन की। केल्से ने कोनों पर गोल, बेज़ल-सेट पीले सोने के साथ एक शानदार कट वाले पुराने खदान के हीरे के साथ शादी का प्रस्ताव रखा, जिस पर बैंड के किनारे नक्काशी की गई थी।

## डॉ. कलाम की भूमिका में नजर आएंगे धनुष:निर्देशक ओम राउत बोले- वह बेहतरीन अभिनेता हैं

साउथ एक्टर धनुष जल्द ही फिल्म कलाम: द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक ओम राउत का मानना है कि धनुष से बेहतर इस किरदार को कोई और नहीं निभा सकता है। पीटीआई से बातचीत में निर्देशक ओम राउत ने कहा, धनुष एक बेहतरीन अभिनेता हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने यह भूमिका निभाने के लिए हामी भरी है। मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें बहुत मानता हूं और इस फिल्म में उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि उनसे बेहतर इस फिल्म और इस किरदार को और कोई नहीं निभा सकता। राउत ने कहा कि उन्हें बायोपिक बनाना अच्छा लगता है, लेकिन यह आसान काम नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवन पर फिल्म बनाना हमेशा थोड़ा कठिन होता है। फिल्म में क्या दिखाना है और क्या नहीं दिखाना है यह तय करना बहुत जरूरी होता है। कई बार ऐसा होता है कि जो बातें आप दिखाते हैं, वे अच्छी होती हैं। लेकिन जो छूट जाती हैं, वे और भी खास होती हैं। इसलिए, जरूरी है कि कहानी को अच्छे ढंग से और प्रेरणादायक तरीके से बताया जाए। उन्होंने कहा, डॉ. कलाम मेरे लिए हमेशा से एक प्रेरणा रहे हैं। जब मैं बड़ा हो रहा था, तब भी। उनकी किताबों ने मेरी जिंदगी पर गहरा असर डाला है। अगर मैं उनकी कहानी को इस तरह से पेश कर सकूं कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों, खासकर युवाओं को प्रेरित करे, तो मेरा उद्देश्य पूरा हो जाएगा।




## एक्टर विशाल और साई धनशिका ने की सगाई : 15 साल की डेटिंग के बाद हुए इंगेज



तमिल एक्टर विशाल कृष्णा रेड्डी और एक्ट्रेस साई धनशिका ने 15 साल की डेटिंग बाद इंगेजमेंट कर ली है। विशाल ने अपने 47वें बर्थडे के मौके पर परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में सगाई की है। दोनों ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक साझा पोस्ट शेयर कर इस खुशखबरी की घोषणा की। साथ में अपने फैंस के लिए फंक्शन की कई तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इस खास मौके के लिए दोनों ने ट्रेडिशनल आउटफिट चुना था। धनशिका ने ऑफ वाइट रंग की साड़ी पहनी थी, जबकि विशाल सफेद शर्ट और लुंगी में नजर आए। दोनों के गले में मालाएं थीं। पहली तस्वीर में विशाल और धनशिका साथ में कैमरे के सामने पोज देते नजर आए। दूसरी फोटो में दोनों एक-दूसरे को अंगूठियां पहना रहे हैं। आखिरी तस्वीर में विशाल और धनशिका अपने परिवार के सदस्यों के साथ पोज देते नजर आए। एक्टर ने इंगेजमेंट की खुशखबरी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा-'मेरे विशेष जन्मदिन पर मुझे शुभकामनाएं और आशीर्वाद देने के लिए यूनिवर्स के हर कोने से आए आप सभी प्रियजनों का धन्यवाद। आज साई धनशिक के साथ हुई अपनी सगाई की खुशखबरी अपने परिवार के साथ साझा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पॉजिटिव और ब्लेस्ड महसूस कर रहा हूं। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं की कामना करता हूं।'

## एक नजर

### उर्जित पटेल आईएमएफ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर



**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। पटेल अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। उर्जित पटेल 2016 में आरबीआई के 24वें गवर्नर बने थे, उन्होंने रघुराम राजन की जगह ली थी। लेकिन 2018 में निजी कारणों से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। पटेल को भारत की नई इन्फ्लेशन टारगेटिंग फ्रेमवर्क को बनाने वाला माना जाता है। उनकी लीडरशिप में बनी रिपोर्ट की वजह से सरकार ने 4% सीपीआई को इन्फ्लेशन का टारगेट बनाया था।

### सुप्रीम कोर्ट में दो नये जजों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपुल पंचोली को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलायी। गत 25 अगस्त को उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने 27 अगस्त को उनकी नियुक्तियों पर सहमति व्यक्त की थी। इन नियुक्तियों के साथ उच्चतम न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीशों की कुल संख्या, स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या 34 तक पहुंच गई है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में होगा चमत्कार : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (ठाकरे गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक चमत्कार की उम्मीद है क्योंकि विपक्षी गठबंधन इंडिया कड़ी टक्कर देने के लिए एकजुट हो रहा है। ठाकरे ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक निष्पक्ष उपराष्ट्रपति भारत के लोकतंत्र की रक्षा करेगा और उनका मानना है कि इस पद को राजनीतिक प्रभाव से दूर रहना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन अपने चुनाव में भाग लेने के निर्णय को लेकर एकजुट है और अपनी जीत को लेकर भी आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जीतने और देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने कथित तौर पर उद्धव ठाकरे और एनसीपी (शरद पवार) के मुखिया शरद पवार से संपर्क साधा और इस चुनाव से दूर रहने को कहा। हालांकि इन प्रस्तावों के बाद भी विपक्ष ने इंडिया गठबंधन के बैनर तले अपने उम्मीदवार का साथ देने का फैसला किया है।

### न्यायधीशों के पक्षपाती रवैये की आलोचना

**नयी दिल्ली।** भारत के 23वें विधि आयोग के सदस्य हितेश जैन ने न्यायमूर्ति मदन लोकुर और न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर को राजनीतिक कार्यकर्ता बताते हुए उनके साथ न्यायमूर्ति अभय ओका के गठबंधन पर निराशा जाहिर की और उन पर 'राजनीति से प्रेरित एजेंडे' के पक्ष में अपनी स्वतंत्रता त्यागने का आरोप लगाया। जैन ने उनकी आलोचना करते हुए कहा, "इन लोगों की आवाज अब स्वतंत्र नहीं रही, बल्कि उस लॉबी का हिस्सा बन चुकी है जो प्रधानमंत्री मोदी पर सिर्फ निशाना साधते रहते हैं। प्रधानमंत्री की आलोचना की जा सकती है, लेकिन यह विशेष एजेंडा नहीं होना चाहिए। अब समय आ गया है कि ऐसे न्यायाधीशों के चेहरों से नकाब हटाया जाए।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब ज्यादातर सेवानिवृत न्यायाधीश राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह बर्ताव कर रहे हैं, तथा उनके कार्य न्यायिक स्वतंत्रता की असल रक्षा की बजाय पक्षपातपूर्ण रुख अपनाते दिख रहे हैं।

### सीबीआई ने 30 साल पुराना केस वापस लिया

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की एक विशेष अदालत में लगभग 30 साल से लंबित एक मुकदमे को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वापस ले लिया जिसके बाद अदालत ने 90 वर्षीय एक अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी की अदालत में यह मुकदमा वर्ष 1995 से लंबित था। इस मुकदमे की प्राथमिकी आर सी 01/ 1995 के रूप में छह जनवरी 1995 को सीबीआई ने दर्ज की थी। इस मामले में तीन लोगों को अभियुक्त बनाया गया था, जिनमें ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के एक विकास पदाधिकारी, एक प्लाईवुड फैक्ट्री के पार्टनर मनोहर शर्मा और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के पार्टनर को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। आरोप के अनुसार अभियुक्त ने जाली वाउचर के आधार पर बिना खरीद की गई मशीनों का अग्नि बीमा करवा कर बीमा कंपनी को लगभग आठ लाख 50 हजार रूपए का धोखाधड़ी पूर्वक नुकसान करने का प्रयास किया था । जांच के बाद सीबीआई ने इस मामले में 24 जुलाई 1995 को आरोप पत्र दाखिल किया था और एकमात्र अभियुक्त मनोहर शर्मा के खिलाफ 09 मार्च 1998 को भारतीय दंड विधान की धारा 420, 511 और 471 के तहत आरोपों का गठन किया गया था।

### श्रीनगर के लिए उड़े विमान में तकनीकी खराबी

**श्रीनगर।** शुक्रवार को दिल्ली से श्रीनगर के लिए उड़े स्पाइसजेट के एक विमान में दबाव संबंधी तकनीकी समस्या आने के कारण अफरातफरी मच गयी। हालांकि विमान को सुरक्षित श्रीनगर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया है। श्रीनगर हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि विमान एसजी 385 को अपराह्न 3 :27 बजे सुरक्षित श्रीनगर अड्डे पर उतार लिया गया। उन्होंने बताया कि विमान में सात विमान कर्मचारियों के अलावा 210 यात्री थे सवार थे और किसी को भी चिकित्सा सहायता की जरूरत नहीं पड़ी। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर हवाई अड्डे पर लैंडिंग से पहले विमान अचानक बहुत तेजी से नीचे आया और इसके बाद केबिन में दबाव कम हो गया। इससे कम दबाव की चेतावनी सक्रिय हो गई, जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी जांच पूरी कीं।

### मोदी को अपशब्द कहने वाले पर दून में भी केस

**देहरादून।** उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता को अपशब्द कहने वाले कांग्रेस नेताओं पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत मंच पर उपस्थित नेताओं पर सख्त धाराओं में कार्रवाई की मांग की गई है। पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक के नेतृत्व में पार्टी महिला कार्यकर्ताओं ने देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह से मिलकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि गुरुवार 28 अगस्त को बिहार के दरभंगा जिले के अंतरबेल में कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' के दौरान आयोजित कार्यक्रम में मंच से 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चोर है' कहा गया। फिर उन्हें मां से संबंधित गाली दी गई।

# यूपी से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

## सीएम योगी ने किया राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्था को नई मजबूती देगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2618.59 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा और इसमें स्टिल्ट फ्लोर सहित कुल छह मंजिलें होंगी। भवन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत पर 25,000 लीटर क्षमता का आरसीसी टैंक और भूमिगत स्तर पर एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि जनता हमारे लिए केवल जतना नहीं बल्कि जनार्दन है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश से ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

सीएम योगी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होना लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव की विशाल प्रक्रिया को आयोग अब और बेहतर तरीके से संपन्न कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में अकेले 12 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान में भाग लेते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य की कुल आबादी से अधिक है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 57,600 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं। वहीं, 17 नगर निगम, 199 नगर पालिकाएं और 544 नगर पंचायतें भी हैं, जिनके साथ 14,000 से अधिक पार्षदों के चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य निर्वाचन आयोग ही निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की यह व्यापक चुनावी प्रक्रिया अहम भूमिका निभाती है।

सीएम योगी ने कहा कि जनता केवल मतदाता नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की जनार्दन है। उसकी आवाज को सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। यदि कोई जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी करता है तो पांच साल बाद जनता उसे नकार देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी व्यवस्था ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन व्यवस्था का मजबूत होना ही इस दिशा में सबसे बड़ी गारंटी है।



अवध विहार योजना, शहीद पथ, लखनऊ में शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय भवन का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी

उन्होंने कहा कि अब तक राज्य निर्वाचन आयोग किराए के भवन से कामकाज कर रहा था, जिससे कई प्रकार की कठिनाइयां आती थीं, लेकिन अब नए भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राजकीय निर्माण निगम 18 महीनों से भी कम समय में इस छह मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण पूरा कर देगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होगा जिनके पास निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य निर्वाचन आयुक्त राजन प्रताप सिंह, यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष, एससी-एसटी आयोग की अध्यक्ष, पंचायती राज्य आयोग के अधिकारीगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नये भवन में होंगी ये सुविधाएं

भवन की विशेषताओं की बात करें तो परिसर में रोड पाथवे, ओपन पार्किंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। 25 के.एल.डी. क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। पूरे भवन में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिस्टम होगा। कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए 13 यात्री क्षमता वाली दो लिफ्ट और 8 यात्री क्षमता वाली एक लिफ्ट लगाई जाएगी। इसके साथ ही आंतरिक विद्युतीकरण और पावर वायरिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था भी की जाएगी। यह भवन न केवल निर्वाचन आयोग के कामकाज को गति देगा बल्कि तकनीक और सुविधाओं से लैस होकर एक मॉडल ऑफिस के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# सड़क हादसों में एसडीएम और एडीएम की जान गयी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अपर जिलाधिकारी का कार्यभार देख रहे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजेश जायसवाल की शुक्रवार की सुबह लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीएम अपनी क्रेटा कार से लखनऊ से आगरा वापस लौट रहे थे। इटावा के पास एक्सप्रेस वे पर किसी वाहन से टक्कर के बाद उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहाँ उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 बैच के अधिकारी जायसवाल किरावली में एसडीएम के पद पर तैनात थे और वर्तमान में कलक्ट्रेट में अपर नगर मजिस्ट्रेट का चार्ज संभाले हुए थे। जायसवाल मूल रूप से देवरिया जिले के निवासी थे।

वे मैनपुरी जिले में भी एसडीएम रह चुके थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ने मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। हादसे की जांच की जा रही है।



» लखनऊ एक्सप्रेस वे और मैनपुरी में हुईं दुर्घटनाएं

मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार अपर नगर मजिस्ट्रेट आगरा की मौत हो गई। हादसे में चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के अनुसार राजेश जायसवाल एसीएम आगरा अपने लखनऊ स्थित आवास से शुक्रवार की सुबह अपनी क्रेटा कार में सवार होकर चालक पंकज के साथ आगरा के लिए रवाना हुए थे। माइल स्टोन 77 के समीप अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई और एक रोडवेज बस से टकरा गई। इस सड़क हादसे में कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सिद्धारमैया के बयान से वोट चोरी पर कांग्रेस उलटे घिरी



**बेंगलुरु।** एक तरफ कांग्रेस यह आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरी है कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने ऐसा बयान दिया है, जिससे उनकी पार्टी पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार कहा कि 1991 के लोकसभा चुनाव में फ्रॉड के चलते हार का सामना करना पड़ा था। अब उनके इस बयान पर विवाद हो रहा है क्योंकि तब कांग्रेस की ही सरकार थी और सिद्धारमैया तब जनता दल सेक्युलर के कैंडिडेट थे। वह कोप्पल सीट से चुनाव में उतरे थे। लेकिन उन्हें बसवराज पाटिल के मुकाबले 11,200 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था, जो कांग्रेस के कैंडिडेट थे। बसवराज पाटिल को कुल 2.41 लाख वोट मिले थे, जबकि सिद्धारमैया को 2 लाख 30 हजार मत ही मिले थे। उस चुनाव के नतीजे के बाद सिद्धारमैया ने हाई कोर्ट में केस भी दाखिल किया था।

# अमित शाह पर महुआ मोइत्रा के विवादित बोल

## नादिया जिले की कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी गयी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए।

बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा- जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है।

मीडिया से बात करते हुए तृणमूल सांसद ने कहा- मेरा उनसे (अमित शाह) साफ सवाल है। वह सिर्फ कहे जा रहे हैं घुसपैठिया... घुसपैठिया... घुसपैठिया। हमारा जो बॉर्डर है, उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है, वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले से कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमोग्राफी चेंज हो रही है। तृणमूल सांसद ने कहा, 'अगर गृह मंत्री और गृह मंत्रालय भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और प्रधानमंत्री खुद बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीनें छीन रहे हैं तो फिर ये गलती किसकी है?

हमारी और आपकी गलती है। यहां तो बीएसएफ है, हम भी उनसे डरकर रहते हैं। बांग्लादेश हमारा दोस्त है, लेकिन आपकी वजह से पिछले कई सालों में ये स्थिति बदल चुकी है।'





झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को लिखी चिट्ठी में दुबे का आरोप है कि महुआ मोइत्रा को सदन में सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से गिफ्ट और कैश मिला। निशिकांत ने स्पीकर से मांग की कि इस मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाए और महुआ मोइत्रा को सदन से निलंबित किया जाए।

# भारत की विदेश नीति की ताकत नहीं समझते ये देश

## चीनी मीडिया ने पढ़े भारत के कसीदे, अमेरिका को जमकर लताड़ा

एजेंसी

**बीजिंग।** आजादी के बाद से ही भारत ने स्वतंत्र विदेश नीति को लेकर अपना रुख स्पष्ट रखा है। दुनियाभर में भारत के इस रुख की तारीफ होती है। इस नीति के तहत बिना किसी देश का पक्ष लिए भारत अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखता है। चीन भी भारत की इस नीति का मुरीद है। चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की जमकर तारीफ की है, साथ ही अमेरिका को आड़े हाथों लिया है। ग्लोबल टाइम्स चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का मुखपत्र माना जाता है। उसने अपने ताजा लेख में भारत की विदेश नीति को संतुलित और रणनीतिक करार देते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी स्वायत्तता को मजबूती से स्थापित किया है।

चीनी अखबार ने 'बहुध्रुवीय विश्व में चीन और भारत के बीच आपसी संपर्क बढ़ाना एक तर्कसंगत विकल्प' शीर्षक के साथ संपादकीय लिखा है। इसने लिखा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे। यह सात साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली चीन यात्रा होगी, जो भारत-चीन संबंधों के धीमे लेकिन स्थिर सुधार की ओर बढ़ने का प्रतीक है। एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन में भारत की सक्रिय भागीदारी बहुपक्षीय सहयोग ढांचे की इसकी पुनर्स्थापना को दर्शाती है। अखबार ने आगे लिखा कि हाल के महीनों में कई घटनाक्रम- जैसे हिमालयी सीमा पर सैनिकों द्वारा मिठाइयों का आदान-प्रदान, दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्र में भारतीय तीर्थयात्रियों के मार्ग की बहाली, और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की जल्द शुरूआत की घोषणा- सभी इस बात का संकेत हैं कि दोनों प्रमुख देश 75वीं राजनयिक संबंध स्थापना की वर्षगांठ के अवसर पर अपने संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। अखबार ने लिखा है कि भारत-चीन संबंधों में वर्तमान सुधार का मुख्य कारण साझा रणनीतिक जरूरतें हैं। गलवान घाटी की घटना के बाद से, दोनों पक्षों ने सीमा तनावों को मैनेज करने में काफी संसाधनों का उपयोग किया है। दोनों देश अब यह मान रहे हैं कि अंतहीन सीमा विवादों के बजाय आर्थिक विकास और अधिक जरूरी रणनीतिक प्राथमिकताओं के लिए सीमित संसाधनों का उपयोग करना अधिक तर्कसंगत विकल्प है। 2024 में, द्विपक्षीय व्यापार 138.478 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.7 प्रतिशत अधिक है। सीधी उड़ानों की बहाली, वीजा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने जैसे द्विपक्षीय निर्णयों से संकेत मिलता है कि आर्थिक और व्यापार सहयोग सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है।



चीनी अखबार लिखता है कि पश्चिमी मीडिया भारत-चीन संबंधों में 'गर्माहट' को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने में बिजी है। वे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ को जोड़ते हुए भारत-चीन संबंधों में सुधार को तथाकथित 'अमेरिका-विरोधी गठबंधन' के रूप में बता रहे हैं। पश्चिमी मीडिया दोनों देशों की स्वतंत्र विदेश नीतियों को समझने में बहुत बड़ी गलती कर रहा है। हालांकि अखबार ने सीएनएन की एक रिपोर्ट को सही करार दिया। दरअसल अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि 'भारत का चीन के साथ संबंधों को दोबारा से ठीक करना उसकी रणनीतिक स्वायत्तता नीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो कठोर गुटबाजी के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है।'

चीनी अखबार लिखता है, 'कुछ अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स को ड्रैगन और हाथी के एक साथ नाचने की संभावना से असहजता इसलिए है क्योंकि उनके दिमाग में अभी भी शीत युद्ध की मानसिकता झलक रही है।

# बंगाली बोलने वालों को कैसे मान लें विदेशी ?

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि क्या किसी विशेष भाषा के इस्तेमाल से किसी के साथ विदेशी नागरिक की तरह पेश आया जा सकता है? न्यायालय ने यह स्पष्टीकरण तब मांगा जब वह एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि बंगाली मुस्लिमों को विदेशी नागरिक मानकर अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने पश्चिम बंगाल प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों को सुनने के बाद यह प्रश्न उठाया।

वकील भूषण ने न्यायालय को बताया कि एक गर्भवती महिला को जबरन देश से बाहर कर दिया गया क्योंकि वह बंगाली बोलती है। उन्होंने अपनी दलील में कहा कि बंगाली भाषा बांग्लादेश में भी बोली जाती है, इसलिए जो लोग बंगाली बोलते हैं वह बांग्लादेशी है, यह तर्क दिया जा रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि कैसे अधिकारी किसी को निर्वासित कर सकते हैं कि बिना यह तय किए कि वह व्यक्ति विदेशी नागरिक है कि नहीं।



» सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा स्पष्टीकरण

भूषण ने आगे अपनी याचिका में कहा कि निर्वासन बिना बांग्लादेश के साथ समझौता किए नहीं किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय अधिकारी किसी भी व्यक्ति को देश से बाहर नहीं भेज सकता है, जब तक दूसरे देश की स्वीकृति की शर्तें तय नहीं हो जाती। पीठ ने कई तथ्यात्मक मुद्दे पर गौर किया और सुझाव दिया कि यह मामला संबंधित उच्च न्यायालय के समक्ष रखा जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जनहित याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि यह याचिका किसी व्यक्ति द्वारा नहीं बल्कि एक संस्था के द्वारा दी गई है।

### मयूराक्षी नदी में डूबे चार छात्रों के शव बरामद

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के बांदो पीपरा गांव के समीप मयूराक्षी नदी में स्नान करने के दौरान चार छात्रों की डूबकर मौत हो गयी।

पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने शुक्रवार को बताया कि बांदो पीपरा गांव के समीप मयूराक्षी नदी में गुरूवार की शाम स्नान करने के दौरान चार छात्र डूब गये थे। चारों छात्र का शव बरामद कर लिया गया है। मृतकों की पहचान कृष्णा सिंह, आर्यन कुमार, कृष और आर्यन के रूप में की गयी है। सूत्रों ने बताया कि चारों छात्र गुरुवार की शाम करीब 3.30 बजे घर से निकले थे जो देर रात तक घर नहीं लौटे। तो परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में कल देर शाम को ग्रामीणों को मयूराक्षी नदी के किनारे कुछ छात्रों का कपड़ा और मोबाइल मिला, लेकिन छात्र गायब थे।

# भागवत के बयान के बाद ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि आंदोलन होगा तेज?

## संघ प्रमुख ने कहा था कि आरएसएस आंदोलन नहीं करेगा लेकिन स्वयंसेवक पूरी तरह स्वतंत्र

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान के बाद क्या काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि का आंदोलन तेज होगा? संघ मामलों के जानकार मानते हैं कि संघ प्रमुख का बयान एक तरह से स्वयंसेवकों को आशीर्वाद की तरह है कि वे इस पर आगे बढ़े। साथ ही मुस्लिम समाज के नेताओं के साथ संघ की लगातार चल रही कोऑर्डिनेशन मीटिंग्स में इस मसले का असर न पड़े, यह भी संघ ने सुनिश्चित किया।

मोहन भागवत ने कहा कि संघ आंदोलन में नहीं जाता है। एकमात्र आंदोलन जो संघ ने किया वो राम मंदिर का आंदोलन था। उन्होंने कहा कि बाकी आंदोलनों में संघ नहीं जाएगा लेकिन हिंदू मानस में काशी (ज्ञानवापी में मंदिर), मथुरा (कृष्ण जन्म भूमि) और अयोध्या तीनों का महत्व है। दो जन्मभूमि हैं और एक निवास स्थान है, तो हिंदू समाज इसका आग्रह करेगा। भागवत ने कहा कि संस्कृति और समाज के हिसाब से संघ इस आंदोलन में नहीं जाएगा लेकिन संघ के स्वयंसेवक जा सकते हैं। साथ ही कहा कि इन तीनों को छोड़कर मैंने कहा है कि हर जगह मंदिर हर जगह शिवलिंग मत ढूंढो। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू संगठन के प्रमुख होने के नाते मैं ये कह सकता हूं तो इतना भी होना चाहिए (मुस्लिम समाज कहे) कि तीन की ही तो बात है, ले लो। ये क्यों न हो और ये भाईचारे के लिए बहुत बड़ा कदम होगा। संघ प्रमुख ने मुस्लिम समाज और उनके प्रमुखों को ये साफ संदेश दिया कि वे अपनी मर्जी से काशी और मथुरा की वो जगह जहां मंदिर था, हिंदू समाज को दे दें। साथ ही ये भी संदेश कि इसके लिए भी आंदोलन होगा, भले ही संघ उसमें शामिल ना हो। संघ के एक सीनियर स्वयंसेवक से संघ प्रमुख के बयान का मतलब पूछने पर उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है कि मथुरा और काशी के लिए आंदोलन चलता रहेगा और संघ का नैतिक समर्थन है। साथ ही ये संदेश भी मिला कि आप सही कर रहे हैं और इसे जारी रखें।



संघ मामलों के जानकार दिलीप देवधर कहते हैं कि संघ प्रमुख के इस बयान से काशी और मथुरा के आंदोलन को ताकत मिलेगी। साथ ही ये इस आंदोलन में जुड़े स्वयंसेवकों के लिए आशीर्वाद की तरह है। उन्होंने कहा कि संघ इसमें सीधे नहीं कूद रहा है तो यह भी रणनीति का हिस्सा है।

देवधर ने कहा कि मुस्लिम समाज के साथ संघ नेताओं की कोऑर्डिनेशन मीटिंग चल रही हैं और इन मीटिंग्स पर असर ना हो इसलिए संघ काशी, मथुरा के आंदोलन में सीधे तौर पर नहीं शामिल हो रहा है। साथ ही मुस्लिम समाज के लिए मैसेज भी है कि हजारों साल का संघर्ष बंद करें और एक तरीके से दबाव भी कि मुस्लिम समाज को ये जगह स्वेच्छा से दे देनी चाहिए और संघर्ष की जरूरत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ये श्रद्धा का विषय है। देवधर ने कहा कि संघ प्रमुख ने ये भी साफ मैसेज दिया कि इन तीन जगहों के बाद फिर स्वयंसेवक किसी और जगह के लिए संघर्ष नहीं करेंगे।

### सपा सांसद सुमन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन कब्रिस्तान के जमीनी विवाद को लेकर बात करने पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने सांसद के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए और अन्याय के विरोध में परिवार सहित आत्मदाह की धमकी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। शुक्रवार को शिकोहाबाद में रामजीलाल सुमन एक कब्रिस्तान के जमीनी विवाद को लेकर उसके समर्थन में पत्रकारों से बात करने पहुंचे थे। इस दौरान विपक्ष के मेहराज अली के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग हाथों में तख्ती लेकर रामजी लाल सुमन की विरोध में मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पहुंच गए। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने दोनों पक्ष में बढ़ते हुए विवाद को शांत करने का काम किया।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com